

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 180 | मंगलवार, 11 अगस्त 2026 | श्रावण माह, कृष्ण, त्रयोदशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


## 'जंतर-मंतर में नहीं चली गोली': जेपी नड्डा का राहुल पर हमला

### बोले- संसद नहीं चलने देते; झारखंड पर चुप क्यों?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता जेपी नड्डा ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी को सदन में आने और चर्चा करने की चुनौती देते हुए कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और उन्हें उचित जवाब दिया जाएगा। नड्डा ने जंतर-मंतर की घटना को लेकर भी स्पष्ट किया कि वहां कोई गोली नहीं चली और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था।

जेपी नड्डा ने राहुल गांधी को एक बार फिर चुनौती देते हुए कहा कि वह सदन में आएं। नड्डा के मुताबिक, सरकार चर्चा के लिए तैयार है और राहुल गांधी को इसका उचित जवाब मिलेगा। उन्होंने साथ ही गलत सूचना फैलाने से बचने की अपील की।

> राहुल गांधी को चुनौती है, सदन में आइए, हम चर्चा के लिए तैयार हैं और आपको उचित जवाब मिलेगा। भ्रम न फैलाएं, जंतर-मंतर पर न गोली चली और न गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया।
>
> *जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री*



नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने रक्फ़के मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी और सदन में इस पर विस्तृत चर्चा भी हुई, लेकिन जब सरकार के जवाब देने की बारी आई तो वे सदन से बाहर चले गए।

नड्डा ने महंगाई के मुद्दे का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष ने कीमतों में बढ़ोतरी पर चर्चा की मांग की थी और सरकार ने इस पर चर्चा कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार जवाब दे रही थी, तब कांग्रेस के सदस्य सदन में मौजूद रहने का साहस तक नहीं दिखा सके। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का इतिहास और रिकॉर्ड रहा है। नड्डा के मुताबिक, विपक्ष ने जिन भी राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की मांग की, सरकार ने हमेशा उन्हें चर्चा के लिए आमंत्रित किया और कहा कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

नड्डा ने जंतर-मंतर की घटना को लेकर कहा कि वहां कोई गोली नहीं चलाई गई थी और न ही गोली चलाने का कोई आदेश दिया गया था। उन्होंने राहुल गांधी पर इस मुद्दे को लेकर जनता और देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी संसद और राष्ट्रीय विमर्श में रोजाना मुद्दे बदल रहे हैं। उनके अनुसार, संसद सत्र की शुरूआत में राहुल गांधी ने ठएएळ पर चर्चा की मांग की थी। सरकार के सहमत होने के बाद मुद्दा राम मंदिर ट्रस्ट की ओर चला गया। इसके बाद जंतर-मंतर की घटना पर गृह मंत्री से बयान देने की मांग की गई।

जेपी नड्डा ने कहा कि जंतर-मंतर के मुद्दे पर चर्चा तय होने के बाद भी राहुल गांधी गलत जानकारी देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं। नड्डा ने कहा कि सरकार का लगातार यही रुख रहा है कि सदन चलना चाहिए और सदन चलने पर हर मुद्दे पर जवाब दिया जाएगा।

## कोलंबिया में भीषण भूकंप से तबाही

### कम से कम 20 लोगों की मौत; कई लोग मलबे में फंसे; कितनी तीव्रता से हिली धरती?

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबिया।** कोलंबिया में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र 115 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। जिसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए।

भूकंप के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपने घरों व इमारतों से बाहर निकल आए। ताजा जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोगों के इमारतों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है।

EMSC के मुताबिक, कोलंबिया में आए भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई और यह 115 किलोमीटर की गहराई में आया।




दोनों एजेंसियों के अनुसार, भूकंप का केंद्र सैन जोस डेल पालमार में था। यह इलाका कोलंबिया की राजधानी बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।

भूकंप के झटकों की जानकारी कई इलाकों से सामने आई है। हालांकि, कोलंबिया की भूवैज्ञानिक सेवा ने भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.7 बताई है। दोनों एजेंसियों के शुरूआती आंकड़ों में भूकंप की तीव्रता को लेकर अंतर सामने आया है। अधिकारियों की ओर से तत्काल किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की सूचना नहीं दी गई थी।

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है।

## देश में बेरोजगारी दर 5.5%, शहरी बेरोजगारी में गिरावट

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** देश के रोजगार बाजार में अप्रैल-जून 2026 तिमाही के दौरान बेरोजगारी दर लगभग स्थिर रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कामकाजी उम्र की आबादी में बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत रही।

एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था। वहीं, कुल श्रमिक जनसंख्या अनुपात जून 2026 में 51.4 प्रतिशत रहा। यह मई के स्तर के बराबर है, जबकि जून 2025 के 51.2 प्रतिशत के मुकाबले इसमें 0.2 प्रतिशत अंक की मामूली बढ़ोतरी हुई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार शहरी रोजगार बाजार में सालाना आधार पर सुधार देखने को मिला है। जून 2026 में शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जबकि जून 2025 में यह 7.1 प्रतिशत थी। यानी एक साल में शहरी बेरोजगारी दर में 0.5 प्रतिशत अंक की कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर इस अवधि में लगभग स्थिर रही।




जून 2026 में देश की कुल श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 54.4 प्रतिशत रही। यह मई 2026 के बराबर है और जून 2025 के 54.2 प्रतिशत से 0.2 प्रतिशत अंक अधिक है। LFPR में उन लोगों को शामिल किया जाता है जो रोजगार में हैं या सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश कर रहे हैं।

महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर जून 2026 में 32.7 प्रतिशत रही। मई में यह 32.8 प्रतिशत थी, लेकिन जून 2025 के 32 प्रतिशत के मुकाबले इसमें 0.7 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की श्रम बल भागीदारी में ज्यादा सुधार देखने को मिला। जून 2026 में यह बढ़कर 36.6 प्रतिशत हो गई, जबकि जून 2025 में 35.2 प्रतिशत थी। यानी सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत अंक का इजाफा हुआ। इसके विपरीत शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी दर जून 2026 में मामूली घटकर 24.8 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल जून में यह 25.2 प्रतिशत थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में कुल श्रमिक जनसंख्या अनुपात जून 2026 में 53.8 प्रतिशत रहा। यह मई के समान है, जबकि जून 2025 के 53.3 प्रतिशत की तुलना में 0.5 प्रतिशत अंक अधिक है। शहरी क्षेत्रों में WPR मामूली सुधार के साथ जून 2026 में 46.8 प्रतिशत रहा। मई में यह 46.6 प्रतिशत था।

## लोकसभा में बिना चर्चा पास हुआ अधिकरण सुधार विधेयक, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित



**एजेंसी न्यूज**

**दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। लगातार हंगामे के बीच ह्यअधिकरण सुधार विधेयक, 2026ह्न बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दोपहर दो बजे दोबारा शुरू हुई। इस दौरान विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है और गृह मंत्री अमित शाह भी छात्रों पर हुई कार्रवाई के मुद्दे पर चर्चा का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल संसद के पहले दिन से ही गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री छात्रों पर हुई कार्रवाई को लेकर बयान देने के लिए तैयार हैं और सरकार चर्चा के बाद उनके जवाब के लिए भी तैयार है। पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने भी विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की।

## यूपी में सामान्य से 21% कम बारिश, मुजफ्फरनगर में 138 MM बरसा पानी; जानें अगले 24 घंटे का हाल

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता के बावजूद बारिश का आंकड़ा सामान्य से नीचे बना हुआ है। एक जून से 10 अगस्त तक प्रदेश में 341.1 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 21 प्रतिशत कम है। सोमवार को मुजफ्फरनगर में 138 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि ललितपुर में सामान्य से 659 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों और पूर्वी यूपी में छिटपुट बारिश का अनुमान जताया है।

लखनऊ, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में मानसून की सक्रियता के बीच सोमवार को पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में अच्छी बारिश हुई, लेकिन प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश सीमित रही। एक जून से 10 अगस्त तक प्रदेश में कुल 341.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश 430.9 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। इस तरह प्रदेश में अब तक सामान्य से 21 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सोमवार को प्रदेश में औसतन 3.4 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य 7.4 मिलीमीटर के मुकाबले 53 प्रतिशत कम है।

सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औसतन 5.7 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य 7.4 मिलीमीटर से 22 प्रतिशत कम है। वहीं, पूर्वी यूपी में औसत बारिश महज 1.8 मिलीमीटर रही, जो सामान्य 7.5 मिलीमीटर के मुकाबले 76 प्रतिशत कम है। पश्चिमी यूपी में मुजफ्फरनगर में सबसे ज्यादा 138 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सहारनपुर में 27.6, महोबा में 18, गौतमबुद्धनगर में आठ, जालौन में 5.8, झांसी में पांच और औरैया में 2.5 मिलीमीटर बारिश हुई।



ललितपुर में सोमवार को 70.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। यहां इस दिन सामान्य बारिश महज 9.3 मिलीमीटर है। इस लिहाज से ललितपुर में सामान्य से 659 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर में 5.8, चित्रकूट में 19.3, प्रयागराज में 9.7, कौशांबी में 8.8, कानपुर नगर में तीन, हरदोई में 3.9 और बांदा में 4.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## बालाघाट में गंदे पानी से छह बच्चों की मौत से हड़कंप



**एजेंसी न्यूज**

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैगा आदिवासी बहुल गांवों में फैली बीमारी ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अडोरी कुंडेकसा बोंदारी और कोरका गांवों में अब तक 1 से 13 साल की उम्र के छह बच्चों की मौत हो चुकी है। लगातार बच्चों के बीमार पड़ने की जानकारी सामने आने के बाद भोपाल तक प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर बीमारी की जांच कर रही है।

जबलपुर मेडिकल कॉलेज के महामारी विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र विश्नोई के नेतृत्व में पहुंची टीम ने प्रारंभिक जांच में बच्चों में पोषण की कमी और दूषित पानी को बीमारी की प्रमुख वजह माना है। विशेषज्ञों के अनुसार पर्याप्त पोषण नहीं मिलने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई। इसके चलते बच्चे संक्रमण की चपेट में आसानी से आ गए।

बीमारी की शुरूआत में बच्चों के शरीर पर दाने निकलने के साथ बुखार, मुंह में छाले, भूख नहीं लगना और झटके आने जैसे लक्षण सामने आए। बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने से ग्रामीण इलाकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। हालांकि बीमारी की सटीक वजह और संक्रमण की पुष्टि के लिए बच्चों के सैंपल पुणे स्थित लैब में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद बीमारी की वास्तविक स्थिति और कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित गांवों में शिविर और अस्थायी अस्पताल बनाकर इलाज शुरू कर दिया है।




## एक नजर

### पीलीभीत बाइपास के आठ लेन विस्तार पर लगा ब्रेक

**बरेली।** शहर में जाम की समस्या कम करने के लिए प्रस्तावित पीलीभीत बाइपास के आठ लेन विस्तार की योजना फिलहाल अटक गई है। तकनीकी कारणों से करीब 115 करोड़ रुपये की परियोजना का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब बीडीए और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीमें मार्ग का दोबारा सर्वे कर रही हैं। त्रिशूल तिराहे से सेटेलाइट बस अड्डे तक करीब 7 .40 किलोमीटर हिस्से का सर्वे किया जा रहा है। इसके आधार पर संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। अधिकारियों की स्वीकृति के बाद नई निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। परियोजना में आठ लेन सड़क के साथ दोनों ओर सर्विस लेन और आरसीसी ड्रेन बनाने का प्रस्ताव है। बिजली व संचार की केबल को भूमिगत करने की योजना भी शामिल है, जिससे भविष्य में सड़क खोदने की जरूरत न पड़े। टेंडर रद्द होने के बाद ड्रेन, सर्विस लेन और इंटरलॉकिंग के डिजाइन की भी समीक्षा की जा रही है।

# आजादी के पर्व पर स्क्रीनिंग कैंप में आकर पाएं कैंसर से आजादी

## कैंसर से आजादी' कैंप में की जाएगी स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इस बात से कोई भी अनजान नहीं। लेकिन यह लाइलाज नहीं, इससे भी कोई इनकार नहीं कर सकता। बस जागरूकता की कमी और जांचों के प्रति लापरवाही ही कैंसर को महामारी बना रही है। शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस पर काबू करना संभव है और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में इलाज करा कर स्वस्थ जीवन जीने वाले हजारों कैंसर विजेता इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए आजादी के पर्व पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' नाम से अभियान आरंभ किया जा रहा है। यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति जी ने कही।

आदित्य जी ने कहा कि 'कैंसर से आजादी' के इस अभियान में 12-14 अगस्त तक तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग होगी। कैंसर विशेषज्ञों के निशुल्क परामर्श के साथ ही कैंप में करीब एक दर्जन जांचें भी निशुल्क की जाएंगी। निशुल्क जांचों में मैमोग्राफी, एक्स रे चेस्ट, अल्ट्रासाउंड ब्रेस्ट, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, अल्ट्रासाउंड टीवीएस, एस पीएसए, एचपीवी डीएनए, सीबीसी, एलबीसी और ऑकल्ट ब्लड स्टूल शामिल है। इसके साथ ही कैंप में सीटी एब्डोमेन, सीटी थोरेक्स, एस सीईए, एस सीए19.9, एफएनएसी, बायोप्सी प्रोसीजर्स, मेनोमेट्री, एंडोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी, सीटी, अल्ट्रासाउंड गाइडेड प्रोसीजर्स पर 50 फीसद की छूट भी मिलेगी। महिला और पुरुष, हर वर्ग के लिए आयोजित इस कैंप में निशुल्क परामर्श और जांचों को करवा कर कोई भी व्यक्ति कैंसर महामारी का खतरा कम कर सकता है। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। जो शरीर के किसी भी अंग में, कभी भी और किसी भी उम्र हो सकती है। यह वृद्धि एक अंग से होती हुई शरीर के दूसरे भाग को भी प्रभावित कर सकती है। शरीर का न भरने वाला घाव, किसी अंग विशेष में लगातार दर्द, तेजी से बढ़ रही गांठ कैंसर की वजह हो सकती है। अगर किसी के मुंह में जख्म है, सफेद दाग है। आवाज में परिवर्तन हो रहा है। उल्टी या खांसी में खून आने की शिकायत है। शरीर में सूजन या गांठ है। बच्चेदानी से खून का गंदा पानी आता है। पेशाब या मल में खून आने की शिकायत है। तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। इनकी अनदेखी करना गंभीर हो सकता है। ऐसे लक्षण होने पर स्क्रीनिंग जरूरी है और इसके लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए।

> एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में वर्ष 2007 में स्थापित होने के बाद से आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट 60 हजार से अधिक कैंसर पीड़ितों का इलाज कर चुका है। यहां पर रुहेलखंड और आसपास के इलाके के मरीजों के साथ ही उत्तराखंड, नेपाल तक से कैंसर मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। आजादी के पर्व पर आयोजित कैंसर स्क्रीनिंग कैंप तीन दिवसीय 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' में निशुल्क परामर्श के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा जांचें निशुल्क की जा रही हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग कैंप में आकर इसका लाभ ले सकते हैं।
>
> -आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज

> कैंसर लाइलाज नहीं, बस जागरूकता की कमी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। शुरुआती चरणों में पूरी तरह से इस भयानक बीमारी पर काबू करना संभव है। लेकिन जांच से डरना और लापरवाही से यह बीमारी अंतिम चरण में पहुंच लाइलाज हो जाती है। समय से जांच होने पर इसे प्रारंभिक अवस्था में ही पकड़ा जा सकता है और इसका पूर्ण इलाज संभव है। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट में आरंभिक चरण में ही सभी प्रकार के कैंसर की पहचान और इसका संभव है। हजारों मरीज यहां से स्वस्थ होकर सामान्य और कैंसर से बेखौफ जीवन बिता रहे हैं।
>
> -डा.पियूष कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर, आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर

# 26 हजार किमी साइकिल यात्रा: 12 ज्योतिर्लिंग और चार धाम दर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क्षेत्र के झनकईया, खालीमहुवट निवासी श्रद्धालु युवा सुमित राजभर ने करीब एक वर्ष तक साइकिल से देश भ्रमण करते हुए 12 ज्योतिर्लिंगों और चार धामों के दर्शन कर अपनी 26 हजार किलोमीटर लंबी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। 25 अगस्त 2025 को घर से साइकिल यात्रा पर निकले सुमित 10 अगस्त 2026 को अपने गांव वापस लौटे। यात्रा के दौरान उन्होंने 21 राज्यों का भ्रमण किया।

खास बात यह रही कि घर वापसी के दौरान सुमित हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए 10 अगस्त को खटीमा पहुंचे। ब्लॉक परिसर में पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, दर्जा राज्य मंत्री गंभीर सिंह धामी, मोहिनी पोखरिया, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता सक्सेना, भाजपा नेत्री रेखा सोनकर, विक्की रस्तोगी समेत तमाम जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। जनप्रतिनिधियों ने कठिन और चुनौतीपूर्ण यात्रा पूरी करने पर सुमित का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुमित राजभर ने बताया कि उनकी करीब 26 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी तरह सफल रही। इस दौरान उन्होंने 21 राज्यों की संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक स्थलों को करीब से समझने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना, हिंदू धर्म एवं भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना तथा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को समझने के साथ ईश्वर के प्रति आस्था का संदेश देना था। यात्रा के दौरान उन्हें अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग और स्नेह मिला। खटीमा पहुंचने पर सम्मान से अभिभूत सुमित ने कहा कि अपने लोगों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों और सगे-संबंधियों के बीच पहुंचकर सम्मान एवं आशीर्वाद पाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि किसी कार्य को दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प, साहस और उत्साह के साथ शुरू किया जाए तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर रविंद्र सिंह राणा ने कहा कि खटीमा के एक गांव के युवा द्वारा 26 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी कर 12 ज्योतिर्लिंगों और चार धामों के दर्शन करना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सुमित की इस उपलब्धि के लिए उनके माता-पिता को भी बधाई एवं आभार व्यक्त किया और कहा कि परिवार के सहयोग एवं संस्कारों ने सुमित को इस कठिन यात्रा को पूरा करने की प्रेरणा दी। स्वागत के दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।



26 हजार किमी साइकिल यात्रा कर 12 ज्योतिर्लिंग और चार धामों के दर्शन कर वापस पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली हुआ टॉप थ्री में शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रदेश में विकास कार्यां का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित सीएम डैशबोर्ड पर इन्टीग्रेटेड विभागों की सेवाओं/योजनाओं/परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह किए गए विकास कार्यक्रमों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्गत की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह जुलाई 2026 की जारी की गयी रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में चौथा स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं निरन्तर गहन समीक्षा में दिये गये निर्देशों के परिणामस्वरूप जनपद के कार्य प्रदर्शन में उत्तोरत्तर वृद्धि हो रही है। उनके कुशल मार्गदर्शन में विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये परिश्रम के परिणामस्वरूप जनपद माह जुलाई की ओवरऑल रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी द्वारा इस उपलब्धि पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विकास एवं राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति में निरन्तर गति बनाये रखने के निर्देश दिये गये।



# थर्ड जेंडर से मारपीट, दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सोशल मीडिया पर थर्ड जेंडर के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में मिली तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच के बाद मु0अ0सं0 381/2026 के तहत बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352 और 351(2) में रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान अश्वनी शर्मा पुत्र विनोद कुमार निवासी राजेंद्र नगर, थाना प्रेमनगर और सुशील कुमार पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह निवासी कटरा चांद खां, पुराना शहर, थाना बारादरी के रूप में की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आया था। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## ससुराल में युवक की मौत से मचा हड़कंप

**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र के जाम गांव निवासी हरिपाल (29) की फरीदपुर स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। मृतक के बड़े भाई यशपाल ने पत्नी चंदा और साढ़ू मनोज पर संपत्ति विवाद में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।हरिपाल 12 साल पहले शादी के बाद से ससुराल में ही रहकर मजदूरी करता था। परिजनों को ससुराल पक्ष के बजाय एक ग्रामीण के जरिए मौत की सूचना मिली। यशपाल का दावा है कि ससुर की संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते साढ़ू ने पत्नी को भड़काया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस कार्रवाई का विरोध पड़ा भारी, 11 गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खेतलसंडा खाम रेलवे स्टेशन के पुराने फाटक के पास दो शव मिलने के बाद मौके पर पुलिस कार्रवाई का विरोध करना और पुलिस के विधिपूर्ण निर्देशों की अवहेलना करना 11 लोगों को भारी पड़ गया। खटीमा पुलिस ने सभी को धारा 172(1) BNSS के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पुराने फाटक के पास दो लोग बेहोशी की हालत में पड़े हैं। सूचना पर चीता मोबाइल मौके पर पहुंची, जहां रेलवे पटरी के पास दो शव मिले। दोनों शवों पर प्रथम दृष्टया कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले।

सूचना के बाद क्षेत्राधिकारी खटीमा नीरज सेमवाल, प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र साह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक केसी आर्या समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, शवों की शिनाख्त और घटना की जानकारी जुटाने के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्हें गतिविधियां बंद करने और विधिपूर्ण निर्देशों का पालन करने को कहा, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद उन्होंने निर्देशों की अवहेलना जारी रखी। पुलिस ने मौके की स्थिति को नियंत्रित करते हुए निहाल सैनी उर्फ चिकू, दीपक सिंह बिष्ट, कपिल सक्सेना, ओमप्रकाश, मुकेश सक्सेना, रवि शर्मा, ललित सिंह, सुशीला देवी, किरन सैनी, आरती देवी और शान्ति देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक सभी को आवश्यक कार्रवाई के बाद सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी गई। साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों को भविष्य में पुलिस के विधिपूर्ण निर्देशों का पालन करने के लिए चेतावनी दी गई।



पुलिस कार्रवाई का विरोध करना और पुलिस के विधिपूर्ण निर्देशों की अवहेलना करने वाले 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# कागजों में गौशालाएं, सड़कों पर गोवंश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** एक तरफ सरकारी आंकड़ों में बरेली की 106 गौशालाओं में 16,361 गोवंश संरक्षित होने का दावा किया जा रहा है, दूसरी तरफ शहर की सड़कों, चौराहों और कूड़े के ढेरों के बीच भटकते गोवंश व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सोमवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन में मंडलीय समीक्षा बैठक कर गौशालाओं और गौ संरक्षण की व्यवस्था पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक खत्म होते ही सबसे बड़ा सवाल यही सामने आता है कि यदि व्यवस्था इतनी मजबूत है तो शहर की सड़कों पर बेसहारा गोवंश आखिर क्यों दिखाई दे रहे हैं?



मंत्री ने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर-गोमूत्र से खाद, कंडे, दीपक, पंचगव्य और गोबर गैस तैयार कर आय बढ़ाने के निर्देश दिए। बारिश में जलभराव से गोवंश को बचाने, चारा उपलब्ध कराने और बाढ़ प्रभावित गौशालाओं में चबूतरे बनवाने पर भी जोर दिया गया।

### सीएम के आने से पहले गोवंश 'कैद', अब सवालों के घेरे में व्यवस्था

30 जून को मुख्यमंत्री के बरेली आगमन से ठीक पहले 29 जून की रात डेलापीर सब्जी मंडी के गेट पर बड़ी संख्या में गोवंश बंद किए जाने का मामला भी सामने आया था। इस घटना ने गौ संरक्षण की व्यवस्था पर पहले ही सवाल खड़े कर दिए थे। सवाल यह है कि क्या गोवंश को केवल वीआईपी दौरे के दौरान सड़कों से हटाना ही व्यवस्था की प्राथमिकता है? एक ओर गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने की मांग जोर पकड़ रही है और गौ रक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में कूड़े के बीच भोजन तलाशता और सड़कों पर भटकता गोवंश नजर आ रहा है। ऐसे में समीक्षा बैठकों में किए जा रहे दावों और धरातल की तस्वीर के बीच का अंतर अधिकारियों के साथ-साथ पूरी व्यवस्था के सामने बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है।

**अब असली सवाल यह है कि 106 गौशालाओं में 16 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं तो सड़कों पर घूम रहा गोवंश आखिर किसका है और उसकी जिम्मेदारी किसकी है?**

## छह साल रिश्ते के बाद शादी से इनकार

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र की एक युवती ने बारादरी के जगतपुर निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शोषण करने और अब ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी अनुराग आर्य को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।युवती का आरोप है कि आरोपी ने ६ साल तक शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और उसकी निजी तस्वीरें व वीडियो सुरक्षित कर लिए। अब आरोपी फोटो-वीडियो हटाने के बदले आठ लाख रुपये मांग रहा है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने पूर्व में उससे करीब ५ लाख रुपये ऐंठे और १ जुलाई २०२६ को नोटरी समझौता होने के बावजूद शादी से मुकर गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**एक नजर**

### संदिग्ध परिस्थितियों में ठेली चालक की हुई मौत

**फरीदपुर बरेली।** ठेली चलाने वाला 35 वर्षीय युवक अपने ही घर के कमरे में मृत अवस्था में पाया गया ।कस्बे के मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती निवासी रामसरन यादव की पुत्री का विवाह बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र में हरपाल सिंह पुत्र राममूर्ति के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से वहां परिवार वालों से कुछ विवाद हुआ जिसके बाद हरपाल पत्नी को साथ लेकर अपनी ससुराल फरीदपुर में आकर रहने लगा था। ससुर रामसरन ठेली चलाने का काम करता था तो हरपाल भी ठेली चलाने का काम करने लगा और कस्बे में ही ट्रांसपोर्ट का माल पहुंचाने का काम करता था। बताया जाता है कि हरपाल शराब का आदी था। हाल ही में लगभग 2 महीने पूर्व हरपाल के ससुर रामसरन की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद उसने ससुराल में कहा कि अब घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई है वह शराब नहीं पिएगा लेकिन शराब की लत उससे नहीं छूटी। रविवार की रात हरपाल शराब पीकर घर लौटा तभी पत्नी से विवाद भी हुआ था।

# बोल बम के जयकारों से गूंजा फतेहगंज पूर्वी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर से शिवशक्ति डाक कांवड़ का चौथा जत्था सोमवार को बेला डांडी रामगंगा घाट से जल भरने के लिए रवाना हुआ। गुरु उत्तम शंखधार के नेतृत्व में निकले जत्थे में करीब 75 कांवड़िए शामिल रहे। अध्यक्ष आमोद गुप्ता, प्रबंधक प्रमोद शर्मा और संरक्षक संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कांवड़िए डीजे पर बज रहे भोले के भजनों पर झूमते हुए रवाना हुए।

सुबह करीब 8 बजे कस्बा इंचार्ज लक्ष्मी नारायण ने फीता काटकर जत्थे को रवाना किया। इसके बाद कांवड़िए बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए बेला डांडी रामगंगा घाट की ओर बढ़े। रास्तेभर धार्मिक गीतों



और जयकारों से माहौल शिवमय बना रहा। पांचाल समय से पांडवों द्वारा स्थापित पंचेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए जल लेकर लौटते समय दोपहर करीब 12:30 बजे जत्था फतेहगंज पूर्वी पहुंचा।

## शिवशक्ति डाक कांवड़ के जत्थे का पुष्पवर्षा से स्वागत

यहां नागरिकों और परिजनों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर तिलक लगाया और भव्य स्वागत किया। जगह-जगह कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। ग्राम नवादा मोड़ पर पन्ना लाल गुप्ता ने कांवड़ियों को जलपान कराया। वहीं भनपुरा पेट्रोल पंप पर पूर्व प्रधान पिंटू वर्मा और फतेहगंज पूर्वी पेट्रोल पंप पर कैलाश गुप्ता समेत अन्य लोगों ने जलपान कराया। इस दौरान बड़े कांवड़ियों के साथ शामिल नन्हे-मुन्ने कांवड़ियों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। स्वागत के बाद जत्था डीजे पर बज रहे भोले के भजनों पर नाचते-झूमते पंचेश्वरनाथ पचौमी मंदिर में जलाभिषेक के लिए रवाना हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह समेत पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

## कांवड़ियों की दो बाइकों में हुई भिड़ंत

**भमोरा।** बरेली-बदायूं मार्ग पर नकटपुर मोड़ के पास सोमवार को डाक कांवड़ लेकर जा रहे दो बाइक सवारों की बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दो मासूम बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बरेली भेजा है।

पुलिस ने बताया कि सुभाष नगर बरेली के गणेश नगर निवासी विक्की अपनी पत्नी ज्योति, चार वर्षीय बेटी वंशिका और छह वर्षीय बेटे शिव के साथ बाइक से कछला घाट से डाक कांवड़ लेकर बरेली लौट रहे थे। नकटपुर मोड़ के पास पहुंचने पर पीछे से ग्राम नौगवां निवासी अवनेश की बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर में विक्की, ज्योति, वंशिका, शिव और अवनेश घायल हो गए। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में ले लिया।



शिवभक्तों को फल वितरित करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

## चहुंओर रही बम भोले की गूंज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सावन के दूसरे सोमवार को पूरा माहौल भगवान् शिव की भक्ति से सराबोर रहा। सुबह तड़के से भोले बाबा की मढ़ी, केसर मिल, मोहल्ला कानूनगोयान स्थित 84 घंटा मंदिर, शेखूपुर, तहसील परिसर तथा पंजाबी कालोनी के शिव मंदिर समेत नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भोलेनाथ के अनुयायिओं का तांता लगा रहा। धूप दीप, भांग धतूरा आदि के साथ शिवभक्तों ने आराध्य का पूजन कर आशीर्वाद मांगा। उधर, मुंडिया टोल प्लाजा पर हरिद्वार से जल लेकर उत्तराखण्ड के रास्ते आने वाले कांवड़ियों के जत्थों का प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। ए डी एम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह की अगुवाई में एसडीएम गोपाल शर्मा तथा सीओ अरूण कुमार सिंह ने भगवान् भोलेनाथ के भक्तों को प्रसाद वितरित कर उन पर पुष्प वर्षा की और भक्ति भाव के साथ उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया। इस दौरान नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह तथा लेखपाल संदेश कुमार भी व्यवस्था में सहयोग करते रहे।

## पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

**आंवला।** आंवला थाना क्षेत्र के मनौना धाम पर ऑटो से मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गुलेली गांव निवासी आकाश ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब 9:30 बजे मनौना धाम पर ऑटो में रखा उनका मोबाइल चोरी हो गया था ।घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय लोगों की मदद और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों को पहचान कर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मनौना निवासी शनि और गौरव के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



किच्छा नदी में जल भरने पहुंची महिला श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

## महिला श्रद्धालुओं ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सिहोर सेवा समिति के बैनर तले नरायन नगला के समीप बह रही किच्छा नदी से लाए गए जल से 45 महिला श्रद्धालुओं के जत्थे में सावन के दूसरे सोमवार को भगवान् भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। महिला शिवभक्त महंत रामा देवी व कपूरी महंत मचला सिंह की अगुवाई में किच्छा नदी पहुंची और वापसी मे बम बम भोले की गूंज के साथ मोहल्ला रामलीला स्थित शिव गौरी शंकर मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ अपने आराध्य का जलाभिषेक किया। रामा देवी व मचला सिंह के साथ जत्थे में नीलम रस्तोगी, प्रियांशी रस्तोगी, सरोज शर्मा, नीरज रस्तोगी, किशोरी शर्मा व सीमा शर्मा आदि शामिल रहीं।

## आधी रात कांवड़ मार्ग पर उतरे एसएसपी

**बरेली।** बरेली में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। सोमवार देर रात एसएसपी ने अधिकारियों के साथ बरेली-बदायूं कांवड़ मार्ग का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी ने रात करीब 12 से 2 बजे के बीच रामगंगा तिराहा, देवचरा चौराहा और भमोरा से पुट्टी बॉर्डर तक सघन पेट्रोलिंग की ।इस दौरान उन्होंने तैनात अधिकारियों से कांवड़ यात्रियों के आवागमन और यातायात संचालन का फीडबैक लिया। एसएसपी ने निर्देश दिए कि शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मार्ग पर यातायात सुचारू बना रहे। उन्होंने ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# प्रशासन के शिविर में भंडारे का एमएलसी ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** सावन के द्वितीय सोमवार को तहसील प्रशासन के कांवड़ सेवा शिविर व भंडारे का एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन। सोमवार की सुबह फरीदपुर थाना क्षेत्र की चौकी देवरनिया के समीप लगाए गए शिविर में पहुंचे एमएलसी ने सर्वप्रथम फीता काटा तत्पश्चात भगवान शिव के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया किया। इस दौरान स्थानीय छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रशासन द्वारा आयोजित भंडारे में एमएलसी, एसडीएम व तहसीलदार ने कांवड़ियों व अन्य श्रद्धालुओं को अपने हाथों से परोस कर भोजन प्रसाद वितरण किया। इस दौरान तहसीलदार प्रशांत अवस्थी,



प्रशासन के शिविर में प्रसाद वितरित करते एमएलसी कुंवर महाराज सिंह साथ में एसडीएम विदुषी सिंह ( बांये ) ।कांवड़ यात्रा को सकुशल निकलवाते कस्बा इंचार्ज जसवीर सिंह ( दांये ) । -जागरण मोर्चा

भाजपा नेता ईशान ग्वाल, अतीश अग्रवाल, बृह्माशंकर गुप्ता के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रशासन के अलावा भी जगह-जगह लोगों ने भंडारों का आयोजन किया। वहीं दूसरे सोमवार के दिन गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने सभी प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से हर कांवड़ के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम लगातार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के मंदिरों पर घूम कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

# पूजा-अर्चना के साथ मानसून गन्ना बुवाई शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** फॉरएवर ग्लोबल एंटरप्राइजेज लिमिटेड, मीरगंज मिल की ओर से सोमवार को मानसून गन्ना बुवाई अभियान का शुभारंभ किया गया। मिल के उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने ग्राम दिनरा निवासी कृषक बलवीर सिंह के खेत में पूजा-अर्चना के बाद गन्ने की प्रजाति 0118 की बुवाई कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान गन्ने के साथ सहफसल के रूप में मूली के बीज की भी बुवाई की गई।



शुभारंभ के दौरान उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने किसानों से गन्ना बुवाई से पहले गन्ने के बीज का उचित तरीके से शोधन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुवाई के बाद गन्ने के पेंडों पर एक से डेढ़ इंच से अधिक मिट्टी न डाली जाए। साथ ही कूड़ों पर पाटा लगाने से बचने की सलाह दी गई। मिल अधिकारियों ने किसानों को अधिक उत्पादन के लिए ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने तथा गन्ने के साथ सहफसल लेने के लिए भी प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि सहफसल के माध्यम से किसान गन्ने की फसल के साथ अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। मिल प्रबंधन की ओर से किसानों को गन्ना विकास से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया ।इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप कुमार, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अंग्रेज सिंह, रतिराम, मोहनस्वरूप गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, रामेश्वर दयाल, अनिल शुक्ला, जितेंद्र गंगवार, ओम प्रकाश, टीकाराम, संजीव गंगवार, कृष्ण कुमार गंगवार, शांति गंगवार, हरद्वारी सहित बड़ी संख्या में कृषक मौजूद रहे।





## अलीगंज में हिंदू संगठन ने शिवभक्तों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से सावन के द्वितीय सोमवार को शिवभक्तों के लिए अलीगंज कस्बे में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिवभक्तों के उपचार और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित शिविर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में शुगर रोगियों की जांच की गई। कार्यकर्ताओं ने शिवभक्तों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी और सेवा कार्य में सहयोग किया। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के मझगवां ब्लॉक अध्यक्ष संदेश पाराशरी और नगर अध्यक्ष सौरभ मौर्य समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंवला में 13 जुआरी दबोचे, लाखों बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** बरेली के आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुए के एक बड़े अड्डे का भंडाफोड़ करते हुए 13 आरोपियों को रंगे हाथ दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 2 लाख 54 हजार रुपये की भारी नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पकड़े गए अधिकांश आरोपी पड़ोसी जनपद बदायूं के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं, जिनमें से कई का पुराना आपराधिक इतिहास भी है ।पुलिस के अनुसार, रविवार देर रात और सोमवार तड़के गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बे की रामवाटिका कॉलोनी में आटा मिल के पीछे एक बंद मकान में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक नितिन





शर्मा और राजेश रावत ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे सभी 13 लोगों को दबोच लिया ।पकड़े गए आरोपियों की पहचान बदायूं निवासी आकाश उर्फ करू, किशोर, अनीत कुमार उर्फ लालू, शिवम पाठक, मुखबीर, शारिक अली, मोहम्मद आसिफ, सुरजीत, तहजीबुल इस्लाम, मनोज, हाशिम, विवेक कुमार और उमर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आसिफ, सुरजीत, तहजीबुल और मनोज का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# एटा में अंतरजनपदीय लुटेरे गिरफ्तार, फतेहगंज पूर्वी की लूट कबूली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** हाईवे और सड़कों पर बाइक से राहगीरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के दो शातिर अंतरजनपदीय लुटेरों को एटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपितों ने बरेली के फतेहगंज पूर्वी समेत कई जिलों में लूट और छिनैती की वारदातों को अंजाम देने की बात पुलिस को बताई है। एटा पुलिस की कार्रवाई की जानकारी सामने आने के बाद फतेहगंज पूर्वी पुलिस की जांच को भी अहम सुराग मिला है।

एटा के कोतवाली देहात क्षेत्र में करीब 14 दिन पहले हुई लूट की घटना के खुलासे के लिए पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। संयुक्त कार्रवाई में कासगंज जिले के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के नवाबगंज नगरिया निवासी मोहित पुत्र राजेंद्र प्रसाद (23) और



सचिन पुत्र मुकेश कुमार (19) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, 26 जुलाई की शाम काली नदी पुल के पास चार बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला और पुरुष की बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया था। इसके बाद महिला के कान का झाला लूटकर अमापुर की ओर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से इसी घटना से संबंधित पीली धातु का एक झाला बरामद किया है।

**पूछताछ में कई जिलों की वारदातों का खुलासा**

एटा पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने एटा के अलावा अमापुर (कासगंज), कम्पिल (फर्रुखाबाद), फतेहगंज पूर्वी (बरेली) और जैतीपुर (शाहजहांपुर) थाना क्षेत्रों में घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। फतेहगंज पूर्वी थाने में आरोपितों के खिलाफ मु.अ.सं. 256/26, धारा 309(4)/324(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। वहीं शाहजहांपुर के जैतीपुर में भी इसी तरह की वारदात सामने आई थी, जिसमें बाइक सवार बदमाशों ने दंपती को निशाना बनाया था। वारदातों के तरीके में समानता सामने आने के बाद पुलिस पहले से ही गिरोह के कनेक्शन की जांच कर रही थी।

**दो तमंचे, कारतूस और लूट का सामान बरामद**

एटा पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देशी तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की काली एक्सट्रीम बाइक, पीली धातु की चेन, रेडमी मोबाइल और 15,700 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने संबंधित मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उनके खिलाफ कासगंज, एटा, फर्रुखाबाद, बरेली और शाहजहांपुर में लूट व अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। एटा पुलिस की इस कार्रवाई के बाद फतेहगंज पूर्वी पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ और बरामदगी के आधार पर अपनी घटना की कड़ियां जोड़ने में जुट सकती है।

## युवक से मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**आंवला।** तिगराखानपुर गांव निवासी मनोज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 अगस्त की शाम वह बाइक से मऊचंदपुर बाजार जा रहा था। रास्ते में सेलर के पास गांव के ओमकार यादव और अखिलेश यादव ने उसे घेर लिया। दोनों के हाथों में लाठी-डंडे, चाकू और तमंचा था ।आरोपियों ने बाइक गिराकर मनोज से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच गांव के आदेश यादव और रोजगार सेवक अमरपाल यादव भी लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए। डायल 112 पुलिस को आता देख आरोपी फरार हो गए। खौफजदा पीड़ित डर के कारण अपनी ससुराल में रहने को मजबूर है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## सावन माह में गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर हुआ शिवार्चन और जलाभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** गंज स्थित गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर शिवार्चन और जलाभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिव साधकों ने भाग लिया। इस दौरान विधि-विधान से जलाभिषेक, पंचाभिषेक और प्रदोष पूजा कार्यक्रम संपन्न हुआ। दर्शनशास्त्री डॉ. विनीत विद्यार्थी ने कहा कि शिव ऐसे देवता हैं, जिनकी साधना से अनिष्ट का निवारण होता है और अकाल मृत्यु से मुक्ति मिलती है। शिव साधकों को चिरायु का वरदान प्राप्त होता है और वे विश्व कल्याण के कार्यों के माध्यम से सभी के प्रिय बनते हैं। कार्यक्रम में प्रखर विद्यार्थी, प्रज्ञा विद्यार्थी, रामजीमल, शिक्षाविद् मुन्ना लाल श्रीवास्तव, सूजल, देवेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कछला से पैदल कांवड़ लेकर पंचतत्वेश्वर धाम पहुंचे डॉ. शैलेश पाठक, किया जलाभिषेक

## सराय पहुंचने पर मुस्लिम और सिख समाज ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

जागरण मोर्चा कार्यालय


जलाभिषेक करने जाते भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक, साथ में श्रद्धालु।


सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते भाजपा डॉक्टर शैलेश पाठक, साथ में उनके बेटे अंकित पाठक। -जागरण मोर्चा


जलाभिषेक को जाते डॉक्टर शैलेश पाठक पर बुलडोजर से फूलों की वर्षा करते क्षेत्र के श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

- भाजपा नेता बोले-सराय में भव्य मंदिर के साथ आमजन के समुचित इलाज के लिए अस्पताल निर्माण की दिशा में भी चल रही बातचीत

**बदायूं।** सावन के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक ने कछला गंगा घाट से पैदल कांवर यात्रा कर सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर पहुंचकर हजारों शिवभक्तों के साथ भगवान शिव का गंगाजल से भव्य जलाभिषेक किया। देर रात सराय पहुंचने के बाद सोमवार की प्रातः बेला में आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांवरिये और श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और भगवान शिव के जयकारों से गूंजता रहा। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था दिखाई दी।

कछला से गंगाजल भरकर डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में हजारों शिवभक्त पैदल कांवर लेकर सराय के लिए रवाना हुए थे। लंबी दूरी की पैदल यात्रा पूरी करने के बाद देर रात कांवरियों का जत्था सराय पहुंचा। यहां पहुंचने पर मुस्लिम और सिख समाज के लोगों ने सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए डॉ. शैलेश पाठक और उनके साथ आए कांवरियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। विभिन्न समुदायों के लोगों द्वारा कांवरियों का स्वागत किए जाने से वहां मौजूद लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। स्वागत के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का वातावरण नजर आया।

सुबह होते ही पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। डॉ. शैलेश पाठक के साथ हजारों कांवरियों ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक किया। कांवरियों ने भगवान शिव से क्षेत्र, प्रदेश और देश में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक जयघोष लगातार गूंजते रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के कारण पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि कछला से सराय तक पैदल कांवर यात्रा उनके लिए केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देने वाली यात्रा भी है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और क्षेत्र के लोगों का सहयोग इस यात्रा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सराय में विभिन्न समुदायों के लोगों द्वारा किए गए स्वागत की सराहना करते हुए कहा कि आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा कि "सराय क्षेत्र में आने वाले दिनों में एक भव्य मंदिर के निर्माण की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनता को बेहतर और समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल के निर्माण की दिशा में भी बातचीत चल रही है।" उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को धार्मिक आस्था के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। मंदिर और अस्पताल जैसी सुविधाओं से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सकेगा और आसपास के ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और ऐसे अवसरों पर सभी समुदायों की सहभागिता सामाजिक एकता को मजबूत करती है। सराय पहुंचने पर मुस्लिम और सिख समाज के लोगों द्वारा कांवरियों का पुष्पवर्षा से स्वागत किए जाने को उन्होंने विशेष रूप से सराहनीय बताया। कछला से सराय तक निकली कांवर यात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल रहे।

यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने कांवरियों का स्वागत किया और उनके लिए जलपान एवं शीतल पेय की व्यवस्था की। पैदल यात्रा के दौरान शिवभक्तों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। कांवरिये हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। सराय पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम और सोमवार की सुबह जलाभिषेक के साथ कांवर यात्रा का धार्मिक उद्देश्य पूर्ण हुआ।

पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव के जलाभिषेक के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला। डॉ. शैलेश पाठक ने जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में सराय को धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य और जनसुविधाओं के क्षेत्र में भी विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

## शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर से लेकर गौरीशंकर मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों में रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय


बिरुआबाड़ी मंदिर में जला भिषेक करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा


वजीरगंज के भोलानाथ मंदिर पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


जलाभिषेक को मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को जनपद के विभिन्न शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों में देखने को मिलीं। भक्तों ने गंगाजल से भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर से लेकर अन्य प्रमुख शिवालयों में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा।

सुबह तड़के ही कांवड़ लेकर लौटे कांवड़ियों का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था। शिवभक्त "बोल बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करते नजर आए। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुजारियों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक कराया गया।

वजीरगंज स्थित प्राचीन भोलेनाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज क्षेत्रों से आए कांवड़ियों ने यहां जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे दिन आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। वहीं सिद्ध बरोलिया शिव मंदिर पर भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने दूध, बेलपत्र, धतूरा, फूल और गंगाजल अर्पित कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया।

शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भजन-कीर्तन और शिव स्तुति का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। महिला श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या मंदिरों में देखने को मिली, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रावण मास में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रमुख मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन कर सकें। पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते रहे और किसी भी तरह की अव्यवस्था को होने से रोका।

इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए। मंदिरों के आसपास वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन द्वारा साफ-सफाई और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। श्रद्धालुओं का कहना था कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के साथ उन्होंने जलाभिषेक कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। दिनभर चले इस धार्मिक आयोजन के चलते पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

## संक्षेप समाचार

### सावन के दूसरे सोमवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवालयों में गूंजे 'हर हर महादेव'


चौकी इंचार्ज आसफपुर पुलिस फोर्स के साथ मौजूद। -जागरण मोर्चा

**बिसौली (बदायूं)।** सावन मास के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे और पूरे दिन "हर हर महादेव" के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। क्षेत्र के सिद्धबाबा पुल स्थित महाराज शिव मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग के समीप हनुमान मंदिर तथा दीक्षित आश्रम में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां दूर-दराज के गांवों से आए कांवड़ियों ने गंगाजल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। मन्नू नगर, सीकरी, कोरेरा, पहाड़पुर, दबथरा, मोहकमपुर, हरदासपुर, मानपुर, मलखानपुर सहित अन्य गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसरों में सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र, चौकी प्रभारी जुगमेंद्र बालियान, उपनिरीक्षक जगवीर सिंह, हेड कांस्टेबल प्यारे खां, रामकुमार गिल, बीरेंद्र कुमार सिंह, जोगेंद्र सिंह, अर्जित बालियान, अमन ठाकुर, सागर चौधरी के साथ महिला कांस्टेबल तनु और महिला पीआरडी प्रवेश कुमारी सहित अन्य कर्मी मंदिरों और मार्गों पर तैनात रहे। पुलिस द्वारा भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### मुसियानगला में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम, गर्भवती पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल, हो रही बेसुध

**बिसौली।** क्षेत्र के ग्राम मुसियानगला में सोमवार शाम एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, धर्मेन्द्र (26) पुत्र पूरन निवासी मुसियानगला ने अपने घर के कमरे में कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि वह कुछ समय से घरेलू विवादों के कारण मानसिक तनाव में था। सोमवार शाम को भी घर में कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई। युवक को फांसी के फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। मृतक के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि उसकी गर्भवती पत्नी गहरे सदमे में है। ग्रामीणों का कहना है कि गृह कलह के चलते युवक ने यह कदम उठाया। समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

# तिरंगा यात्रा से गूंजा राजकीय मेडिकल कॉलेज, देशभक्ति और एकता का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय


तिरंगा यात्रा निकालते राजकीय मेडिकल कॉलेज का स्टाफ व छात्र-छात्राएं।

**बदायूं।** 'हर घर तिरंगा' अभियान 2026 के अंतर्गत सोमवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला और प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अगुवाई कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने की। उनके साथ उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लेकर 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने कहा कि यह अभियान देश के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने सभी से भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने और समाज में राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक राजकीय मेडिकल कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से स्वतंत्रता कार्यक्रम में डॉ. मुकत्याज हुसैन, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. श्रवण कुमार भार्गव, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. श्री निवासन गांधी, प्रो. अनिल गुर्जर, डॉ. अभिलाष यादव, डॉ. प्रदीप मदरेड़ा,गजेन्द्र कुमार सिंह,अजय पारिक, सुनील कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य, एमबीबीएस, बीएससी एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटी पुलिस अटल चौक पर भंडारे में उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय


कावड़ियों को भंडारे में प्रसाद वितरित करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** कांवड़ यात्रा के दौरान सोमवार को अटल चौक स्थित कांवड़ सेवा शिविर में पुलिस की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

भंडारे से पूर्व भगवान भोले शंकरनाथ की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने भाग लिया। इसके बाद उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने भंडारे में भाग लेकर भोजन ग्रहण किया।

इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पूरे मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और पुलिस हर समय सतर्क है। साथ ही कांवड़ियों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, चितरंजन गुप्ता, बाबू कथूरिया, वसीम खां, हाजी तस्लीम खां, एसआई विक्रांत आर्य समेत कई गणमान्य नागरिक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**निरीक्षण** कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है प्रशासन

# कछला गंगा घाट पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा


एसपी सिटी अभिषेक सिंह को निर्देश देतीं एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा


संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कछला गंगा घाट और कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त रखी जाएं। यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए यातायात, पार्किंग और रूट डायवर्जन की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों का भी प्रभावी संचालन किया जाए। एसएसपी ने पुलिस बल को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों और घाट क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई जाए। ड्यूटी पर तैनात कर्मी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम और एसएसपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 72 गर्भवती महिलाओं का हुआ परीक्षण

**बिल्सी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 72 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में महिलाओं की नियमित जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. चारु गुप्ता ने गर्भवती महिलाओं को भीषण गर्मी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, धूप में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलना, पौष्टिक आहार लेना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी।

# रुद्राभिषेक से मिली है सुख-समृद्धि और भय से मुक्ति : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय


कोल्हाई स्थित श्री शिव मंदिर में वेदमन्त्रोच्चारण कर रुद्राभिषेक कराते यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में श्रवण मास के दूसरे सोमवार को श्री शिव मंदिर कोल्हाई में रुद्राभिषेक हुआ। शिव भक्तों ने भगवान को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक किया।भगवान शिव का श्रंगार कर आरती की गई। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रावण के महीने में रुद्राभिषेक शास्त्रों में विशेष फलदायी है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और भय से मुक्ति मिलती है। पुराणों में उल्लेख है कि रुद्राभिषेक से ग्रहों की बाधाएं, पितृ दोष, कालसर्प दोष भी शांत हो जाते हैं। महाशिवरात्रि, सावन, श्रावण मास में इसका विशेष महत्व है। रुद्राभिषेक आत्मशुद्धि, मन की स्थिरता और अध्यात्मिक जागृति भी मार्ग है। वेदमंत्रों की ध्वनि और जल की शीतलता से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्य यजमान डा.सोहनपाल सिंह सपत्नीक मुख्य यजमान के रुप में रहे। उन्होंने दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। भगवान को मेवा, मिष्ठान के साथ दुग्ध, दही, शहद, बिल्व पत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पित किए। सुसज्जित दीपकों के साथ भव्य आरती की। इस मौके पर डा.ओमेंद्र कुमार, सुरभ पाल, अमित पाल, लालमन पाल आदि मौजूद है।

### भक्तों पर बरसते हैं, ईश्वर के और वरदान : सुखपाल

**बदायूं।** गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर परिब्राजक लेखराज जायवाल और बृजकिशोर ने वेदमंत्रोच्चारण कर जलाभिषेक कराया। वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने कहा कि भगवान शिव को श्रद्धा भाव से पूजन करने पर भगवान प्रसन्न होते हैं। उनके अनुदान वरदान निरंतर भक्तों पर बरसते हैं। मुख्य यजमान रामचंद्र प्रजापति रहे। इस मौके पर माया सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### जलाभिषेक की तैयारी में जुटे युवक की करंट से मौत

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्राली लेने जा रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक ने नीचे लटक रहे बिजली के तार को डंडे से ऊपर करने का प्रयास किया था। इसी दौरान उसे करंट को जोरदार झटका लगा और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव अहमद नगर बछौरा निवासी राजू (30) पुत्र कुंवरपाल गांव के ही कुछ लोगों के साथ शाहजहांपुर के पटना देवकली स्थित शिवालय में जलाभिषेक करने जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि राजू रविवार देर शाम पड़ोसी गांव मुगर्रा में कांवड़ यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेने गया था। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे थे। राजू ने डंडे की मदद से तारों को ऊपर उठाने की कोशिश की। इसी दौरान वह बिजली की चपेट में आ गया।

# गौशाला में बदहाली चरम पर! मृत पड़े मिले गोवंश

## एक फीट गहरे कीचड़ में फंसे गोवंश, अधिकांश के कानों से गायब ईयर टैग; एनजीओ पर कार्रवाई की तलवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सालारपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत बादल स्थित गोवंश आश्रय स्थल में लापरवाही की ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पशु प्रेमी विकेन्द्र शर्मा की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी सालारपुर नितिन कुमार ने सोमवार को अचानक गोशाला का निरीक्षण किया तो मौके की हालत देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए।

रीक्षण के दौरान कई गोवंश मृत पड़े मिले, जबकि कई बीमार हालत में थे। पूरे आश्रय स्थल में एक फीट से अधिक गहरा कीचड़ जमा था और परिसर दलदल में तब्दील नजर आया। कीचड़ के बीच गोवंश को खड़े होने और चलने तक में भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी।



गौशाला बदहाल परेशान गौवंश। –जागरण मोर्चा



गौशाला की जांच करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि आश्रय स्थल में मौजूद अधिकांश गोवंश के कानों में ईयर टैग नहीं थे। इससे आश्रय स्थल में दर्ज गोवंश की वास्तविक संख्या और उनके भरण-पोषण के नाम पर खर्च होने वाली सरकारी धनराशि को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। पशु चिकित्सक संजीव भुइयार द्वारा टैग ना लगाने की लापरवाही सामने आयी है, पशु चिकित्सक द्वारा गॉवशों की संख्या में घोटाला किये जाने को लेकर जांच की जरूरत भी सामने आई है। गोवंश आश्रय स्थल का संचालन दानवीर जनकल्याण समिति एनजीओ द्वारा किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी ने एनजीओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुबंध समाप्त करने के साथ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### तीन और गोशालाओं पर भी उठे सवाल

रफियाबाद, सिकरोड़ी और रसूलपुर पुठी में इसी एनजीओ द्वारा संचालित अन्य गोवंश आश्रय स्थलों की स्थिति को लेकर भी उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है। बीडीओ ने एनजीओ को गोवंश आश्रय स्थलों के संचालन से हटाने और विकासखंड स्तर पर ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति की है। गोशाला में सामने आई बदहाली ने गोवंश संरक्षण के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें उच्चाधिकारियों की जांच और प्रस्तावित कार्रवाई पर टिकी हैं।

## संक्षेप समाचार

### बगरैन में कांवड़ियों के दो गुटों में मारपीट, करेंगी रोड पर लगाया जाम



कावड़ियों के मारपीट के बाद रोड पर लगा जाम। –जागरण मोर्चा

**बगरैन।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के बगरैन कस्बे में कांवड़ यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब कांवड़ियों के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना के बाद एक गुट के कांवड़ियों ने आक्रोशित होकर करेंगी रोड पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, भवानीपुर क्षेत्र से आए कांवड़ियों का दूसरे गुट से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। विवाद के बाद नाराज कांवड़ियों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और करेंगी रोड को जाम कर दिया। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही बगरैन चौकी प्रभारी संदीप गुप्ता अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद थाना प्रभारी वजीरगंज तथा विसौली कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया और काफी देर तक वार्ता के बाद उन्हें शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके बाद कांवड़ियों ने जाम समाप्त कर दिया और मार्ग को सुचारु रूप से चालू कराया गया। पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में आ गई और किसी बड़े विवाद की आशंका टल गई। इसके उपरांत पुलिस ने कांवड़ियों के जत्थे को उनके गंतव्य गौरी शंकर गुलड़िया के लिए रवाना कराया। बगरैन पुलिस ने मुड़िया सतासी तक कांवड़ियों के साथ रहकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सफल रहा। प्रशासन ने अपील की है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखें, ताकि धार्मिक यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इंस्पेक्टर अलीगंज अश्वनी कुमार के अनुसार 1 महीने पहले हुए युवकों के बीच हुए विवाद ममें कावड़ यात्रा के दौरान कहासुनी हो गई, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्ष के लोगों को समझाकर कावड़ यात्रा को सकुशल रवाना कर दिया गया। शांति व्यवस्था बनी हुई है कोई दिक्कत नहीं है।

### कछला गौशाला का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश



गौशाला का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को नगर पंचायत कछला स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौशाला परिसर में सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिसर में इंटरलॉकिंग कराई जाए तथा प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सोलर पैनल लगाए जाएं। निरीक्षण के समय गौशाला में कुल 226 गोवंश पाए गए। इनमें लगभग 30 छोटे गोवंश को छोड़कर सभी की ईयर टैगिंग की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने गोवंशों के लिए उपलब्ध हरे चारे, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, छाया और प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गोवंशों को हर समय पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही गौशाला परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कमजोर और बीमार गोवंशों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि गोवंशों के संरक्षण और बेहतर देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित की जाएं तथा गौशाला की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

### सपा के पूर्व विधायक के बेटे के खिलाफ मुंबई की युवती ने अलापुर थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**बदायूं।** बसपा के पूर्व विधायक मुस्लिम खां के बेटे अबुजर के खिलाफ थाना अलापुर में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुंबई में रहने वाली युवती ने पूर्व विधायक के बेटे अबुजर पर गला घोंटकर हत्या की कोशिश और जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि अबुजर ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया और साल भर उसके साथ लिव-इन में रहा। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने मुंबई निवासी युवती की तहरीर पर अलापुर थाने में दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसकी पहचान अबुजर खान से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। युवती का आरोप है कि अबुजर लगभग दो माह तक मुंबई में उसके साथ रहा लिव-इन में रहा और शादी का झांसा देता रहा। कई महीनों तक दोनों पति-पत्नी की तरह रहे।

## भव्य तिरंगा यात्रा से गूंजा मुड़िया से हरिओम नगर इटौआ मार्ग, राजीव गुप्ता रहे मुख्य अतिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुड़िया से हरिओम नगर इटौआ तक सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में "भारत माता की जय" और देशभक्ति नारों की गूंज से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं भी कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और सम्मान



तिरंगा यात्रा में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व समस्त कार्यकर्ता।

का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करे।

तिरंगा यात्रा मुड़िया से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए हरिओम नगर इटौआ पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## संगठन विस्तार और शिक्षा पर जोर, मैथिल ब्राह्मण सभा की बैठक में लिए गए अहम संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मैथिल ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक 9 अगस्त को मोहल्ला बाबा कॉलोनी में संरक्षक मदनलाल शर्मा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शैलेंद्र मिश्रा ने की, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने और समाज के उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा द्वारा आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करने के साथ हुई। उन्होंने संगठन की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी देते हुए इसे और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा और महासचिव रोहिताश मैथिल ने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने



बैठक में विचार विमर्श करते मैथिल समाज के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

की अपील की।

जिला सचिव सोमदत्त शर्मा ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए युवाओं को शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवल किशोर शर्मा ने संगठन के पिछले एक वर्ष के कार्यों का उल्लेख करते हुए आगामी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाकर संगठन को मजबूत किया जा सकता है।

बैठक के दौरान सभी सदस्यों को आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव, गौ संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। साथ ही समाज के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान भुवनेश शर्मा और

- संगठन विस्तार और शिक्षा पर जोर, मैथिल ब्राहमण सभा की बैठक में लिए गए अहम संकल्प

राधेश्याम शर्मा ने कविता प्रस्तुत कर बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। बैठक में नवल किशोर शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, रोहिताश मैथिल, सोमदत्त शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विशेष कुमार शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, कृष्ण पाल मैथिल, मदन पाल शर्मा, हेमचंद शर्मा, सुरेश पाल शर्मा, सर्वेश शर्मा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, भुवनेश मैथिल, नौबत राम शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, साधु राम शर्मा, डॉ. राजपाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा (ठेकेदार), अशोक कुमार शर्मा (संगठन मंत्री) और अजय शर्मा सराफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी पर बैठाई जांच, सीओ सिटी को सौंपी जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव की शिकायत पर कोतवाली सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मलिक के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने जांच बैठा दी है। मामले की जांच सीओ सिटी राहुल पांडे को सौंपी गई है। नोटिस मिलने के बाद सोमवार को अजीत यादव ने सीओ सिटी कार्यालय पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए।

दर्ज बयान में अजीत यादव ने आरोप लगाया कि 23 जुलाई की सुबह करीब 7:30 बजे प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मलिक उनके नेकपुर स्थित आवास पर पहुंचे। उस समय वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन में शामिल होने गए थे। उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी प्रियंका यादव से कथित रूप से



जिला अध्यक्ष कांग्रेस अजीत यादव।

अभद्र व्यवहार किया गया।

आरोप के मुताबिक, प्रभारी निरीक्षक ने उनकी पत्नी पर दबाव बनाते हुए कहा कि अजीत यादव तुरंत बदायूँ लौट आएं, अन्यथा वे उनके आवास पर आत्महत्या कर लेंगे। अजीत यादव ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर कनपटी पर लगाकर फोन मिलाने का दबाव बनाया।

प्रियंका यादव ने घबराकर अपने पति को फोन किया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद अजीत यादव ने फोन पर ही प्रभारी निरीक्षक से बात की और इस कृत्य पर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि पुलिस अधिकारी ने उन्हें दिल्ली के आंदोलन से वापस लौटने और सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो को हटाने के लिए भी कहा।

अजीत यादव ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने और राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को जबरन घर में घुसकर महिला को डराने-धमकाने, मानसिक उत्पीड़न, सर्विस रिवॉल्वर के दुरुपयोग और नागरिक अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा मामला बताते हुए संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## सिगोई में सरकारी ट्रांसफार्मर से निजी नलकूपों को बिजली देने का मामला, भाकियू ने की कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उपकेंद्र कुंवरगांव क्षेत्र के गांव सिगोई में सरकारी ट्रांसफार्मर से निजी नलकूपों को विद्युत आपूर्ति दिए जाने के मामले में भारतीय किसान यूनियन असली ने कार्रवाई की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच में दोषी पाए गए अवर अभियंता के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

विभागीय जांच के बाद अवर अभियंता चिरंजी लाल को कुंवरगांव बिजलीघर से हटाकर डिवीजन कार्यालय बदायूं से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं कुंवरगांव बिजलीघर की जिम्मेदारी अवर अभियंता मियां कुरैशी को दी गई है। मामले में विभागीय कार्रवाई अभी जारी है।

ग्रामीणों के अनुसार, सिगोई गांव की विद्युत आपूर्ति के लिए सरकारी ट्रांसफार्मर लगाया गया था। आरोप है कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसी ट्रांसफार्मर से चार निजी नलकूपों को विद्युत कनेक्शन दे दिए गए। इसके लिए दो पोल लगाकर बिना स्वीकृत एस्टीमेट के लाइन खींचे जाने की भी शिकायत की गई थी।

ग्रामीणों का कहना है कि निजी नलकूपों को विद्युत आपूर्ति दिए जाने के कारण गांव की सप्लाई प्रभावित हुई और लो-वोल्टेज की समस्या सामने आने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की शिकायत बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से की।

शिकायत के बाद अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने मामले की जांच अधिशासी अभियंता डिवीजन द्वितीय नागेंद्र कुमार और अधिशासी अभियंता परीक्षण केके शर्मा को सौंपी थी। दोनों अधिकारियों की टीम ने जांच पूरी कर रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता को सौंप दी। विभाग के अनुसार जांच में अवर अभियंता चिरंजी लाल को प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया।

अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर जेई का आरोप पत्र तैयार किया गया है। उन्हें कुंवरगांव बिजलीघर से हटाकर डिवीजन कार्यालय बदायूं से संबद्ध कर दिया गया है। विभागीय कार्रवाई के लिए आरोप पत्र मुख्य अभियंता बरेली को भेजा गया है।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने के बाद जेई के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। संगठन ने मामले में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

**गुस्सा** 15 दिन में 102 से घटकर 85 रह गए गोवंश, लापरवाही पर कार्रवाई के आश्वासन से नहीं थमा आक्रोश

## पेंपल गौशाला में कुपोषण से 17 गोवंश की मौत, चारे की कमी पर ग्रामीणों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** ग्राम पेंपल स्थित गौशाला में अव्यवस्था और चारे की कमी के चलते कुपोषण से गायों की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। पिछले 15 दिनों में 17 गोवंशों की मौत हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। सोमवार को एक साथ तीन गायों की मौत होने पर ग्रामीणों का धैर्य टूट गया और उन्होंने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया।

बताया जाता है कि लगभग 100 क्षमता वाली इस गौशाला में वर्तमान में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, 15 दिन पहले तक गौशाला में 102 गोवंश मौजूद थे, जो अब घटकर 85 रह गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चारे और



पेंपल गौशाला का निरीक्षण करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गायें कुपोषण का शिकार हो रही हैं और तड़प-तड़पकर दम तोड़ रही हैं।

सूचना मिलने पर एसडीएम बिसौली प्रियंका गोयल, नायब तहसीलदार मो. हारिस, खंड विकास अधिकारी वज़ीरगंज शैली गोविल, कोतवाल अश्वनी कुमार, बगरैन चौकी प्रभारी अखिल तोमर, ग्राम प्रधान नन्हें लाल, सचिव विनोद कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेते हुए लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया। शुरुआत में खंड विकास अधिकारी शैली गोविल ने गौशाला का संचालन कर रही संस्था 'बीएनके ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री' (खेड़ा नवादा, बदायूं) के संचालक नवनीत कुमार के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने की बात कही, लेकिन बाद में इस पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आई। इससे ग्रामीणों और किसान यूनियन के पदाधिकारियों में नाराजगी और बढ़ गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला का केयरटेकर मौके पर मौजूद नहीं रहता और बदायूं में बैठकर केवल कागजी खानापूर्ति करता है। नियमित देखरेख के अभाव में पशुओं को समय से चारा और पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है। हंगामे के बीच अधिकारियों की मौजूदगी में मृत गायों को गड्ढा खुदवाकर भू-समाधि दी गई।

## 11 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**बिल्सी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से मंगलवार, 11 अगस्त को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी ने सोमवार को तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि 'हर घर तिरंगा' और 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। तिरंगा यात्रा में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और भाजपा प्रदेश मंत्री डीपी भारती मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** फैजगंज नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खां ने सोमवार को स्थानीय गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के लिए उपलब्ध चारा, दवाओं की स्थिति और उनके रहने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान चेयरमैन इसरार खां ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी गोवंशों को समय पर पर्याप्त चारा उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी पशु के बीमार होने पर तुरंत पशु चिकित्सक को सूचित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गोवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चेयरमैन ने गोवंशों के पोषण



गौशाला का निरीक्षक करते फैजगंज बेहटा के अध्यक्ष असरार खान। –जागरण मोर्चा

स्तर को बेहतर बनाने के लिए हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने और गौशाला की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंशों की सेवा और संरक्षण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मोहित गुप्ता, आमिर रजा, सुमित बाबू समेत अन्य केयरटेकर मौजूद रहे।

## एक नजर



### बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूमा) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.राजवीर सिंह ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षकों की लम्बित अवरुद्ध वार्षिक वेतन वृद्धि को बहाल करने व लम्बित चयन वेतनमान को समयानुसार लगाने की,वर्षों से लम्बित एससी- एसटी शिक्षकों को चयन वेतनमान का लाभ शीघ्र देने की मांग की।वेतन विसंगति, एरियर का निस्तारण जैसे चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, मातृत्व अवकाश आदि का भुगतान शीघ्र करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला महामंत्री डॉ.अंजुम स्नेही सक्सेना मौजूद रहे।

# पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने किया बाबा भोले का जलाभिषेक

## सुबह से छावनी में तब्दील रहे जिले भर के मंदिर, पुलिस फोर्स रही तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय


हाईवे पर मौजूद पुलिस कर्मियों को चेकर करते एएसपी। -जागरण मोर्चा


मंदिर में निरीक्षण के दौरान मौजूद सीओ सिटी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सावन के दूसरे सोमवार को मंदिरों में शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना की और बाबा भोले का जलाभिषेक किया। रविवार देर रात से ही मंदिरों में कांवड़ियों का प्राचीन मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया था। तड़के कांवड़ियों ने गंगाजल बाबा को चढ़ाया। इसके अलावा भक्तों ने दूध, बेल-पत्र व जलाभिषेक करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान शिव की अराधना की और मन्नतें मांगी।

सोमवार तड़के ही रठौंडा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर, पंजाबनगर शिव मंदिर, भमैराआ शिवमंदिर, शहर स्थित कृष्णा मंदिर, शिव मंदिर, हरी-हर मंदिर, श्री हरी मंदिर, मनोकामना लक्ष्मी मंदिर, मिस्टनगंज स्थित मंदिर में जाकर भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंदिर में पहुंचकर कांवड़ियों ने पहले मंदिर के चक्कर लगाए।उसके बाद भगवान भोले शंकर को गंगा जल चढ़ाया। इस दौरान भोले बाबा के जयकारों से मंदिर गूंजे उठे। रविवार रात से ही शिवभक्तों का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया। दस बजे तक शिवालयों में लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई थीं,बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर जल और दूध अर्पित किया, बेलपत्र-धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा की। कांवड़ियों ने जल जाकर भमरौआ, पंजाबनगर और रठौंड़ा मंदिर में जाकर भगवान शंकर को जल चढ़ाया। जिले भर में अलग-अलग मंदिरों में शिव भक्तों ने गंगा जल चढ़ाया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। दोपहर तक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।

### अधिकारियों ने लिया जायजा

**रामपुर।** श्रावण माह के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों ने मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्थाओं का लिया जायजा। श्रावण माह के द्वितीय सोमवार के अवसर पर जनपद में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक किए जाने के दृष्टिगत सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी शाहबाद एवं क्षेत्राधिकारी मिलक द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण किया।जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं पुलिस ड्यूटी का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# राजेश की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

## पीएम के बाद शव के इंतजार में परिजन, न्याय की दोहराई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


शाहबाद के लोधीपुर गांव में एहतियात के तौर पर मौजूद सीओ और अन्य पुलिस बल। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के लोधीपुरा गांव में रविवार सुबह राजेश का गोली लगा रक्तरंजित शव गांव के पास खेत में पड़ा मिला था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया था, परिजनों ने बड़े भाई समेत कई लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

शव को पीएम को भेजे जाने के बाद राजेश के बेटे रोहित ने 9 लोगों पर तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। देर शाम पुलिस को शव से कुछ ही दूरी पर तमंचा भी बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद सोमवार को गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस राजेश की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है। उधर परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार करने के लिए इंतज़ार कर रहे है। राजेश की मौत के दूसरे दिन लोधीपुर गांव में मौजूद सीओ देवकीनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। 9 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस लगभग मामले के नजदीक पहुंच चुकी है।

### एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात

**शाहबाद।** राजेश की मौत के बाद पीएम के बाद शव आने तक सीओ देवकीनंदन और कोतवाल रणवीर सिंह पुलिस बल के साथ मृतक के घर के बाहर मौजूद रहे। उधर गांव में कई जगहों पर लोगों का झुंड की शक्ल में बैठे नजर आए। सोमवार देर शाम तक मृतक राजेश का शव गांव नहीं पहुंचा था। शाहबाद। गोली लगने से नारे मृतक राजेश की पत्नी अनीता ने पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की और पुलिस से आरोपियों की जल्द की जल्द गिरफ्तारी की मांग दोहराई। वहीं राजेश की बेटी प्रीति ने भी पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है।


शाहबाद में सरेबाजार चली कुर्सियां। -जागरण मोर्चा

# शाहबाद में सरेबाजार 'कुर्सी युद्ध': पैसों के लेनदेन को लेकर बीच सड़क पर जड़े दनादन थप्पड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के स्टेट बैंक के पास स्थित एक चाय की दुकान के बाहर सोमवार को अचानक अखाड़े में तब्दील हो गई। पैसों के लेनदेन को लेकर दो युवकों के बीच शुरू हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। गुस्साए एक युवक ने दुकान के बाहर रखी कुर्सियां उठाकर दूसरे पर हमला कर दिया और सरेराह थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों युवकों के बीच किसी बात को विवाद चल रहा था। सोमवार को दोनों स्टेट बैंक के बगल में स्थित चाय की दुकान के बाहर आमने-सामने आ गए। पहले तो दोनों के बीच तीखी बहस हुई, लेकिन कुछ ही मिनटों में बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। एक युवक ने आपा खोते हुए चाय की दुकान पर रखी प्लास्टिक की कुर्सियां उठाकर दूसरे युवक पर दे मारीं। इसके बाद सरेबाजार दनादन थप्पड़ जड़ दिए। बड़ी मशक्कत के बाद दोनों को अलग किया गया।

# मछुआ समाज की पहचान व शान वीरांगना बहन फूलन देवी: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय



चित्र पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज द्वारा सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर विश्व की चौथी व भारत की प्रथम क्रांतिकारी आयरन लेडी वीरांगना फूलन देवी का जन्मदिन मनाया गया, इस अवसर समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आज हमारा समाज उत्तर प्रदेश की पूर्व सासंद वीरांगना बहन फूलन देवी का 63 वां जन्मदिवस बहुत धूमधाम से मना रहा है।

समाज के युवा नेता व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट ने कार्यक्रम को संबोधित करते है कहां की अगर समाज का युवा वर्ग एक होकर रहे तो कभी भी कोई राजनैतिक पार्टी उनका लाभ नही ले सकती जब तक एक रहे। इस अवसर पर तुरैहा मछुआ समाज के जिलामन्त्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने मांग की फूलन देवी को नारी शक्ति से जोड़ते हुए उनके नाम से स्मारक बनना चाहिए।

कार्यक्रम में तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा के नेतृत्व में सभी उपस्थित सदस्यों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका जन्मदिवस मनाया। इस मौके पर जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा,अजय कुमार प्रधान, अर्जुन कुमार तुरैहा, कमल कुमार मुन्ना, धर्मपाल सिंह, दिपांशु तुरैहा, पूरन लाल, शिव कुमार, मुरारीलाल तुरैहा, पवन कश्यप, विक्रम सिंह, जबर सिंह, रवि तुरैहा, अरविन्द कुमार, जबर सिंह, कृष्णऔतार, संजय, रवि कुमार, राहुल सिंह, मोहित, आकाश आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

# दीपाली सैनी के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** महिला शिक्षक संघ ने धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं हरियाली तीज मनाया। सोमवार को महिला शिक्षक संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। लाल, हरे एवं तिरंगे रंग के परिधान और पारंपरिक श्रृंगार की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में अनोखी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को पूरी तरह तीजमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष महिला शिक्षक संघ श्वेता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया।इसके बाद गीत-संगीत, नृत्य, रोमांचक और मनोरंजक खेलों,तीज और स्वतंत्रता दिवस थीम पर आधारित क्विज का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्व हिस्सा लिया। अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। अंत में तीज क्वीन दीपाली सैनी को चुना गया एवं उन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। आपसी सौहार्द, महिला सशक्तिकरण और संघटन की एकजुटता का सुंदर संगम देखने को मिला। समारोह हंसी खुशी, उत्साह और सावन की मनमोहक यादों के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्वेता दुहन, महामंत्री एकता गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राना तलत, मीडिया प्रभारी चंद्रेश सिंह, कोषाध्यक्ष निदांशु और उपाध्यक्ष ऋचा चौधरी के साथ भूमी मित्तल, एआरपी राशि सक्सेना माधवी, कुशल राना, एआरपी आँचल चौधरी, डॉली, अंजली यादव, विशाखा, अर्चना, पूजा, अरुणा, शिल्पी अग्रवाल, तानिया सैनी, शशिबाला, अंजुम, रेनू, रीता, सुमित्रा और अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## मिसाल

### 1788 में स्वयंभू प्रकटीकरण: शिवलिंग पर खुरपी-दरांती रगड़ने वालों के उड़ गए थे बाल

# 16 बीघे जमीन में विराजमान हैं भमरौआ के श्री पातालेश्वर महादेव

जागरण मोर्चा कार्यालय


भमरौआ मंदिर। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** श्रावण मास में शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना श्री पातालेश्वर शिव मंदिर, भमरौआ अपने आप में प्राचीनता, चमत्कार और साम्प्रदायिक सौहार्द की एक जीती-जागती मिसाल है।

भृगु संहिता के अनुसार यह स्वयंभू शिवलिंग महाभारत कालीन (लगभग 3000 वर्ष पुराना) है। 1788 में इसके चमत्कारों के प्रकटीकरण के बाद, 1822 में चौथी पीढ़ी के नवाब अहमद अली साहब ने न केवल मंदिर की बुनियाद रखी बल्कि 16 बीघे की पूरी संपत्ति भी मंदिर को दान कर दी। वर्तमान में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की 'सावन मेला एवं कांवड़ यात्रा कार्ययोजना' के तहत मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का कायाकल्प किया गया है।

डीएम, एसपी और सीओ स्तर के अधिकारी दिन-रात यहां की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, ताकि कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो।मंदिर के वर्तमान पुजारी पंडित नरेश कुमार शर्मा बताते हैं कि यहां किसी शिवलिंग की स्थापना नहीं की गई, बल्कि भोलेनाथ की यह प्रतिमा स्वयंभू है। 1788 में जब यह शिवलिंग जाग्रत अवस्था में आया, तो लोगों ने अनजाने में इसे पत्थर समझकर अपनी दरांती और खुरपी की धार तेज करनी शुरू कर दी। चमत्कार स्वरूप जिन लोगों ने भी ऐसा किया, उनके सिर में भयंकर खुजलाहट हुई और हाथ रखते ही सारे बाल झड़ गए। देखते ही देखते गंजों की भरमार लग गई। जब तत्कालीन जमींदार ने इस शिवलिंग को हटाने का प्रयास किया, तो बताते हैं कि वह और उसका पूरा परिवार नष्ट हो गया। इन घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि 'प्रत्यक्षं किं प्रमाणम्' (प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं)।चमत्कारों की खबर सुनकर 1822 में नवाब अहमद अली साहब (चौथी पीढ़ी के नवाब) यहां आए। उन्होंने सारी प्रॉपर्टी मंदिर के नाम कर दी। पूजा-पाठ का जिम्मा यहां से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मदारपुर के निवासी पंडित दयाल दास को सौंपा गया। आज 11वीं पीढ़ी के रूप में पंडित नरेश कुमार शर्मा इस दरबार की सेवा कर रहे हैं। उनके 10 पूर्वज मंदिर की सेवा करते हुए स्वर्गवासी हो चुके हैं।

### भृगु संहिता का रहस्य और कोसी नदी का बदलता प्रवाह

मंदिर के प्राचीन इतिहास को लेकर एक संत ने भृगु संहिता के आधार पर हैरान करने वाली जानकारी दी थी। संसार के सबसे बड़े ज्योतिष ग्रंथ के अनुसार यह शिवलिंग महाभारत कालीन है और संत ने अपने पूर्व जन्म (करीब 3000 वर्ष पूर्व) में यहां तपस्या की थी। उस समय की भौगोलिक स्थिति के अनुसार, जो कोसी नदी आज पश्चिम में बह रही है, वह उस काल में शिवलिंग के पूरब में बहा करती थी।प्रशासन की 'सावन मेला कार्ययोजना' के तहत भमरौआ मंदिर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की गई हैं। जर्जर हो चुकी सड़कों को पूरी तरह नया बना दिया गया है और बेहतरीन लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। हालांकि यहां कभी कोई साम्प्रदायिक तनाव नहीं रहा, लेकिन एहतियातन पूरे महीने के लिए पीएसी की एक पूरी बटालियन मुस्तैद की गई है। डीएम और एसपी के साथ-साथ सीओ स्तर के अधिकारी रात में भी आकर निरीक्षण कर रहे हैं।16 बीघे के विशाल परिसर में बन रहे भव्य दरबार के लिए कभी किसी से चंदा नहीं मांगा जाता। जिनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, वे भक्त अपनी श्रद्धा से दान करते हैं। सावन में कांवड़ियों के लिए दिन-रात बेलिमिट भंडारे चल रहे हैं। 90 प्रतिशत भंडारे मनोकामना पूर्ण होने वाले भक्त ही कराते हैं। श्रद्धालु अपनी शक्ति के अनुसार 51 किलो, सवा कुंतल या ढाई कुंतल तक की रसद लाते हैं और शिवभक्तों की सेवा करते हैं, जो भगवान की असीम कृपा और शक्ति का सबसे बड़ा प्रत्यक्ष प्रमाण है।

## संक्षेप समाचार

### जौहर विवि के 38 भवनों के मामले में टली सुनवाई

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां की जौहर विवि के 38 भवनों को नक्शा पास न होने पर तोड़ने के खिलाफ मंडलायुक्त न्यायालय में सोमवार को सुनवाई नहीं सकी। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने 15 जुलाई को 38 भवनों को बिना स्वीकृत नक्शे के निर्मित मानते हुए उनके ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया था। ध्वस्तीकरण करने से पहले जौहर विवि प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया था। ध्वस्तीकरण आदेश के बाद आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा अगले दिन 16 जुलाई को जौहर विवि पहुंची थी। डीएम के इस आदेश को जौहर विवि, ट्रस्ट की ओर से मंडलायुक्त की अदालत में चुनौती दी गई। इस मामले में सोमवार को सुनवाई होनी थी,लेकिन नहीं हो सकी।

### आजम से 12 अगस्त को मुलाकात करेंगे शिवपाल यादव

**रामपुर।** 12 अगस्त को सपा के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव हेलीकॉप्टर से जौहर विवि पहुंचेंगे।जहां सपा कार्यकर्ता उनको हेलीपेड पर स्वागत करेंगे।उसके बाद वह जौहर विवि में पढ़ रहे छात्रों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा पिछले जौहर विवि को बचाने के लिए धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं से मुलाकात करेंगे। उसके बाद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां से से मुलाकात करेंगे। जिसका एक पत्र जिला कारागार प्रशासन को उपलब्ध कराया गया था। जेल प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद शिवपाल यादव ने खुद डीएम और एसपी को पत्र भेजकर कहा है कि 12 अगस्त को सुबह 11 बजे पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम,पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम से जेल में मुलाकात करेंगे।

### वरिष्ठ कवि राम किशोर वर्मा जयपुर में सम्मानित



पुरस्कार के साथ मौजूद कवि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अखिल भारतीय काव्यधारा संस्थापक महासचिव राम किशोर वर्मा मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान -2026 से जयपुर में 9 अगस्तको सम्मानित किया। वरिष्ठ कवि राम किशोर वर्मा ने दो प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। विश्व पर्यावरण दिवस की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।जिसमें दुपट्टा, शॉल, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र और नगद राशि 1,101/- प्रदान की।दूसरी कविता प्रतियोगिता में नवां पुरस्कार प्रदान किया गया। इसमें दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह, मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान -2026 का सम्मान पत्र और नकद राशि 501 की प्रदान की। इस अवसर पर गुरुजी जितेन्द्र कमल आनंद, डॉ. प्रीति अग्रवाल, सुरेन्द्र अश्क रामपुरी, राजवीर सिंह राज, अशोक विश्नोई, वैशाली रस्तोगी, सुभाष राहत बरेलवी, लक्षेश्वर राजू, अलका गुप्ता, पुष्पा शर्मा 'कुसुम', संगीता जड़िया, उमा कांत वर्मा, विनय कुमार सक्सेना, दिनेश कम्बोज व जावेद अली खां आदि साहित्यकारों और परिचितों ने बधाई दी।

### शिवमन्दिर पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब


शाहबाद के शिवमन्दिर पर जलाभिषेक को कतारों में लगे श्रद्धालु।

**शाहबाद।** पवित्र सावन महीने के दूसरे सोमवार के अवसर पर आज शाहबाद के ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों और कांवड़ियों का भारी सैलाब उमड़ेगा। कांवड़िए "बम-बम भोले" और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ पवित्र नदियों से जल लेकर मंदिर परिसर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार और कोतवाल रणवीर सिंह ने स्वयं प्राचीन शिव मंदिर का दौरा कर सुरक्षा व जलाभिषेक की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मंदिर परिसर और कांवड़ मार्ग पर विशेष लाइटिंग, चौबीस घंटे साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने और कतारबद्ध होकर दर्शन करने की अपील की है।

### नए बीईओ का किया स्वागत


नए बीईओ का स्वागत करते शिक्षक।

**रामपुर।** नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण किया।यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के पदाधिकारियों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर पर उपस्थित होकर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार को भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र भेंट कर उनका स्वागत किया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी शिक्षकों को समन्वय स्थापित कर मेहनत से कार्य कर विकास क्षेत्र बिलासपुर को जनपद में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करना है।इस मौके पर हेमलता सिंह जिलाध्यक्ष, रामचंद्र जिला महामंत्री,डॉ. प्रियंका पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष, अमित कुमार त्यागी,राजीव कुमार,आकांक्षा गौतम,मंगल सेन,जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ की बैठक में संगठन विस्तार, दो पदाधिकारियों का मनोनयन


नये पदाधिकारियों के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में सोमवार को संगठन के रिक्त पदों पर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय नालापार के सहायक अध्यापक मनोज कुमार को संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किया।जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि संगठन के लिए शिक्षक हित सर्वोपरि हैं और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन निरंतर प्रयास करता रहेगा। नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर रखते हुए उनके निदान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।बैठक में जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, मंडल मंत्री आलोक कुमार मिश्रा, ब्लॉक मंत्री खालिद खान, मीडिया प्रभारी जाफर बेग, दिलशाद बारसी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### खेत पर खाद लगा रहे युवक को सांप ने डसा

चंदौसी। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बलकरनपुर में खेत पर खाद लग रहे युवक को सांप ने डस लिया युवक को उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव बलकरनपुर निवासी वीरपाल सिंह पुत्र अमरपाल सिंह रविवार की शाम 6 बजे खेत पर खाद लगाने गया था जब युवक खेत में खाद लग रहा था तभी एक सांप उसके बाएं पैर में आकर चिपक गया युवक के शोर मचाने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए किसी तरह ग्रामीणों ने पैर में लिपटे सांप को हटाया मगर सांप युवक के पैर में काटकर भाग गया युवक को उपचार के लिए सीएससी लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया घटना से परिवार में हड़कंप मचा है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात

## धार्मिक झांकियों, ताशा बैंड और बम-बम भोले के जयघोष के साथ शहर में घूमी बाबा की बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्रावण मास की शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर श्री कावड़ सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान शिव की बारात व कांवरियों के जुलूस कैथल गेट स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुआ शिव बारात में शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया।

सोमवार को शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर समिति द्वारा शिव बारात व कांवरियों का जुलूस का आयोजन किया गया शाम 6:00 बजे खुर्जा गेट स्थित शिव मंदिर से शिव बारात का आरंभ किया गया जिसमें मुख्य आकर्षण दो धार्मिक झांकियां रही जिसमें प्रथम कैलाश पर भगवान शिव परिवार की मनमोहक झांकी आकर्षित कर रही थी वहीं द्वितीय झांकी द्वादश ज्योतिर्लिंग में तिरुपति बालाजी का महा स्वरूप की भव्य प्रस्तुति



चंदौसी मे भगवान शिव की बारात में रथ को लेकर चलतें शिव भक्त।



भगवान शिव की बारात में आरती करके शुभारंभ करती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।

दिखाई दी इसके अलावा शिव बारात में बदायूं का ताशा बैंड अपनी छटा बिखेर रहा था डीजे पर कलाकारों द्वारा भगवान स्वरूपों की नृत्य छठा बिखेर रहा थे जबकि कांवरिया हर हर महादेव वह व बम बम भोलेके घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे शिव बारात में भगवान शिव संकीर्तन मंडली भजनों द्वारा गुणगान किया जा रहा था शिव बारात में मुख्य रथ की आरती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय समाज सेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी द्वारा संपन्न की गई शिव बारात में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा इस अवसर पर विजय कुमार, कमल कुमार, विष्णु कुमार, अजय कुमार, गिरीश चंद्र, प्रवीण गुप्ता, तरुण कुमार नीरज, सौरभ बंटी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, कन्हैया वार्ष्णेय, श्याम वार्ष्णेय, राजीव कालू, विमल चौधरी, अक्षय, अर्चित अग्रवाल, महेंद्र बजाज, अमर शर्मा, पंकज मौर्या, हीरालाल ज्योति, गिर्राज किशोर, संजीव, मुकेश, मानव, आशीष, सुमित शर्मा, पंकज मौर्या, नरेश चंद्र, यश शर्मा, आदि का सहयोग रहा।



मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

# स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया उत्साह से प्रतिभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बालिका वर्ग शर्मिल उपाध्याय बालक पर बालक वर्ग जयप्रकाश के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिसमें स्वयंसेवक बस स्वयं सेविकाओं ने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से नशा मुक्त रहने के लिए जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता में विशाल गौतम प्रथम, वुशरा द्वितीय और चारु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ स्लोगन प्रतियोगिता में भूमि ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, कुलदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर राजकुमार गोयल ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि नशे से हमेशा दूर रहना है और दूसरों को भी नशा न करने के लिए जागरूक करना है कार्यक्रम में शर्मील उपाध्याय डॉक्टर कविता चौधरी डॉक्टर निर्मल डॉक्टर सेम दी चंद व निधि राघव तमूरा व अन्य कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया मंदिरों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सावन मास की कांवड़ यात्रा के अंतर्गत द्वितीय सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने संभल स्थित प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सरायतरीन तथा चामुण्डा मंदिर, हयातनगर का स्थलीय निरीक्षण कर कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कांवड़ यात्रा का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महादेव के दर्शन कर विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका सम्भल को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में जहां-जहां भंडारों का आयोजन किया जा रहा है, वहां साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने चामुण्डा मंदिर, हयातनगर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कांवड़ियों का फूलों से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सम्भल विकास चन्द्र, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल आदित्य प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला से बातचीत करने पर युवक को पीटा

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र की आनंद विहार कॉलोनी में रविवार शाम एक महिला से बातचीत करने का प्रयास युवक को बेहद भारी पड़ गया। घायल युवक प्रशांत शाम को अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी वहां से गुजर रही कॉलोनी की एक महिला से उसने बात करने की कोशिश की। इससे गुस्साकर महिला ने पहले पेड़ की टहनी से प्रशांत को पीटना शुरू कर दिया।जान बचाकर युवक अपने घर में छिप गया, लेकिन आरोपी महिला थोड़ी देर बाद अपने पति और दो बेटों के साथ दोबारा आ धमकी। चारों आरोपियों ने घर में घुसकर प्रशांत पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव करने आई युवक की मां भी इस मारपीट में घायल हो गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल को सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# दूसरे सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सावन के दूसरे सोमवार पर प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे।

सावन मास के दूसरे सोमवार पर चंदौसी के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही शिवभक्त भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र और भस्म अर्पित किए। महिलाओं व पुरुषों ने सावन सोमवार का व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।



चंदौसी मे फूलों से सजाया गए मूंछों वाले शिव भगवान।



चंदौसी मे राजघाट नरौरा से कांवड़ लातें कांवड़िया।

**प्रमुख शिवालयों में दिनभर रही श्रद्धालुओं की भीड़**

सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। इसके अलावा मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर बड़ा महादेव स्थित प्राचीन शिव मंदिर, मुंसिफ रोड स्थित शिव मंदिर, कैथल गेट स्थित श्री गंगा देवी मंदिर, घंटाघर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, आवास विकास स्थित शिवालय मंदिर, बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर बहजोई स्थित प्राचीन सादातवाड़ी पातालेश्वर शिव मंदिर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। सुबह से ही मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल व पीएससी मौजूद रहीं।

# संस्था पदाधिकारी ने किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** सावन के द्वितीय सोमवार को आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में खतियान मोहल्ला स्थित पंचायत मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भक्तों ने भगवान शिव का जल, दुग्ध एवं पूजन सामग्री से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर शिवमय हो उठा।



चंदौसी के शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक करतें संस्था के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

सनातन परंपरा में सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। रुद्राभिषेक की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है और इसका संबंध यजुर्वेद के श्रीरुद्रम से माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार रुद्राभिषेक भगवान शिव के रुद्र स्वरूप की आराधना का पवित्र माध्यम है, जिसके द्वारा भक्त सुख-शांति, समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना करते हैं। संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि एसोसिएशन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था भविष्य में भी समाजहित से जुड़े ऐसे आयोजन करती रहेगी। संस्था की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा सावन भगवान शिव की आराधना का पावन माह है, भोलेनाथ थोड़ी-सी भक्ति से प्रसन्न होकर भक्तों को सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। रुद्राभिषेक के पश्चात विधिवत आरती की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव की आरती कर लोकमंगल की कामना की। इसके उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में रेखा रस्तोगी, मीनू आहूजा, बेबी मखीजा, सीमा डुडेजा, प्रियंका सिंह, योगिता कोहली, रानी अरोरा, अनु गांधी, अभिषेक गुप्ता सहित संस्था के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कांवड़ियों की बाइक फिसली घायल

**चंदौसी।** जनपद रामपुर के थाना पटवारी क्षेत्र निवासी सचिन अपने दोस्त रिंकू (निवासी गांव करेला, चंदौसी) के साथ बाइक से हरिद्वार से कांवड़ ला रहे थे। रविवार शाम करीब 5 बजे बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलावई के पास अचानक सड़क पार कर रहे एक युवक को बचाने के प्रयास में उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई।इस हादसे में दोनों कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी गाड़ी से इलाज के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही रिंकू के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# शिव मंदिर पर पुलिस और स्वयंसेवक मुस्तैद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन के कहने पर प्राचीन शिव मंदिर बेरनी में श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराने में स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया।



बेरनी शिव मंदिर पर एसडीएम के साथ सेवा करतें स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा

सावन का सोमवार होने के कारण बेरनी के प्राचीन शिव मंदिर पर सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी- लम्बी लाइनें लग गयीं जोकि दोपहर तक जारी रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यालय इकाई के प्रभारी शरद शर्मा के नेतृत्व में बेरनी पहुँचे स्वयंसेवकों ने कुढ़फतेहगढ़ थाने के पर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार एसआई उपेन्द्र कुमार के साथ मिलकर मंदिर के अंदर शिवलिंग पर जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में अपना योगदान किया। इस दौरान मन्दिर में जलाभिषेक की व्यवस्थाओं के निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम आशुतोष तिवारी, डीआईओएस सीपी सिंह ने वालिंटियर्स के कार्यों की सराहना की। स्वयंसेवकों में अंकित यादव, रिंकू यादव,अजय, मोहित माथुर, अन्नू, आकाश मीणा, आयुष यादव, कुणाल चौधरी, अमित कुमार, उपेंद्र सिंह, अनिकेत मौर्य, अंश चौहान, वंश चौहान,आदित्य, मोहित कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां।** सीएचसी पुवायां में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गई।

सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर की जांच की। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कियाऔर कर्मचारियों की उपस्थिति समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमओ के निरीक्षण की जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार भी अस्पताल पहुंच गए। पत्रकारों ने जब निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की तो सीएमओ कैमरे से बचते हुए नजर आए। वह पत्रकारों के कैमरे के सामने आने से कतराते दिखाई दिए। ओर मीडिया से आर्डी कार्ड मांगने की बात करने लगे। खास बात यह रही कि अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ स्वयं भी ड्रेस कोड में नजर नहीं आए। ऐसे में अस्पताल में ड्रेस कोड और व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण की कार्रवाई चर्चा में आ गई है। ओर न ही अस्पताल स्टॉप ड्रेस कोर्ड में मिला। फिलहाल सीएमओ ने सीएचसी निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति करके वापस चले गए।

## पशुओं में गला घोटू का भारी प्रकोप

**खुदागंज।** पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के चलते समय से टीकाकरण न होने के कारण पशुओं में तरह-तरह की बीमारियां पैर पसार रही हैं। इसमें मुख्य रूप से गलाघोटू जैसी घातक बीमारी शामिल है।

क्षेत्र के ग्राम भूसौरी में बीते दिनों कई पशुपालकों की भैंसों की गलाघोटू बीमारी की चपेट में आने से मौत हो चुकी है।इस घटना से पशुपालकों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य गांवों में भी यह बीमारी लगातार जन्म ले रही है, जिससे स्थिति गंभीर होती जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार पशु चिकित्सा विभाग इन सब से पूरी तरह अनजान बना हुआ है।

# जीआरपी ने बिछडी मासूम को परिजनों से मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रास्ता भटकने पर सोमवार की सुबह एक मासूम रेलवे स्टेशन पहुंच गई। जीआरपी ने उससे जानकारी लेकर परिजनों की तलाश शुरू कर दी और उसे परिजनों को सौंप दिया।



मासूम को परिजनों को सौंपते जीआरपी।

चार वर्षीय सुहानी पुत्री सचिन निवासी प्रेमनगर सुबह अपनी मां के पीछे-पीछे घर से चली आई । रेलवे फाटक छत्तीस बी आने पर वह रास्ता भटक गई और रेलवे स्टेशन जा पहुंची। जहां वह प्लेटफार्म नंबर एक पर रोती हुई घूम रही थी ।जिस पर जीआरपी की नजर पड़ गई । महिला कांस्टेबल उसे अपने साथ थाने ले आई । पूछ-ताछ करने पर उसने अपना, अपने पिता का नाम व पता बताया । पुलिस ने उसके परिवार से संपर्क किया, जिसके बाद बच्ची को उसके दादा थान सिंह को सुरक्षित सौंप दिया गया।

## बनते ही टूटी सड़क गड्ढो में तब्दील

**खुदागंज।** राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा 3 किलोमीटर समधाना संतोषपुर मार्ग पर बनाई गई सड़क बनते ही गड्ढे में तब्दील हो गई जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है।

समधाना संतोषपुर मार्ग से भुसौरी तक 3 किलोमीटर सड़क विगत दो माहपूर्व राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद तिलहर द्वारा सुधार कार्य के अंतर्गत सड़क का नवीनीकरण कराया गया था जहां ग्रामीणों ने मानक विहीन सड़क बनाई जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था अब यह सड़क वाहनों के आवागमन के चलते कई स्थानों पर गड्ढों में तब्दील हो गई जिससे आए दिन बाहन संचालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# परिषद के पदाधिकारी ने की गायों की सेवा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** भारत विकास परिषद सनातन शाखा ने सावंत के सोमवार पर गौशाला में पहुंचे गायों की सेवा की। सोमवार को भारत विकास परिषद सनातन शाखा ने सावन के पवित्र माह में गौशाला संभल गेट पर गौ सेवा के अंतर्गत गायों को चारा व गुड़ आदि खिलाया। उक्त कार्यक्रम में शाखा संयोजक दिनेश चंद्र गुप्ता, सचिव प्रवीणगुप्ता, रमेश अधीर, दृग पाल सिंह, सुदर्शन कुमार वार्ष्णेय, अमिता सिंह, रामकिशोर वार्ष्णेय , ममता रानी, आशिमा गोयल, अर्चित वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, गीता वार्ष्णेय, आदि का सहयोग रहा।



गौशाला मे गायों की सेवा करतें पदाधिकारी।



## गीता सार

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥

**भावार्थ :** नियमित भोजन करने वाला, नियमित चलने वाला, नियमित जीवन निर्वाह के लिए कार्य करने वाला और नियमित सोने वाला योग में स्थित मनुष्य सभी सांसारिक कष्टों से मुक्त हो जाता है।

# मोबाइल से जासूसी

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारतीय एयरफोर्स के एक विंग कमांडर को हनीट्रैप में फंसा लिया। उस पर आरोप है कि उसने अपने ही एक साथी के मोबाइल में डेटा चुराने वाला सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया था। यह पहला मौका नहीं है, जब पाकिस्तान ने किसी भारतीय अफसर को हनीट्रैफ में फंसाया हो। रत की ओर से आतंकियों पर किए जा रहे घातक प्रहार के बाद पाकिस्तान इसी तरह की नीच हरकतों पर उतर आया है। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम तक उसने जासूसी का ऐसा मॉडल अपनाया है, जिसमें गाहे-बगाहे लोग फंस जाते हैं। जासूसी का इतिहास सदियों पुराना है। आज से 3 हजार से 4 हजार साल पहले भी दुश्मन को कमजोर करने के लिए ये तरीका अपनाया जाता था लेकिन हनीट्रैप इसका तरीका नहीं था। मिस्र मेसोपोटामिया और चीन की सभ्यताओं में भीख मांगने वालों, व्यापारियों और साधुओं के रूप में गुप्त सूचनाएं प्राप्त करने की जानकारी मिलती है। चाणक्य द्वारा लिखित पुस्तक अर्थशास्त्र में भी जासूसी के इसी तरीके के बारे में बताया गया है।



हालांकि डिजिटल युग हनीट्रैप को ही जासूसी का मुख्य हथियार मान लिया गया है। अब दुश्मन देश के एजेंट को आपके शहर में होने की जरूरत नहीं, वो किसी भी तरह अगर फोन तक पहुंच गया तो उसे गोपनीय सूचनाएं मिल जाती हैं, लेकिन सवाल ये है कि आखिर पाकिस्तान को ऐसा क्या चाहिए, जो वो बार-बार भारतीय वायुसेना के अफसरों को निशाना बनाता है। एक दशक पहले तक जासूसी का सबसे बड़ा हथियार फेसबुक को माना जाता था। सुरक्षा एजेंसियों ने कई बार ऐसे मामलों को पकड़ा, जब महिला का फर्जी प्रोफाइल बनाकर रक्षाकर्मियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। दोस्ती बढ़ने के बाद बात पर्सनल बातचीत तक पहुंचती थी और बातों ही बातों में संवेदनशील जानकारियां जुटाने की कोशिश होती थी। कई मामलों में पैसे और रिश्ते दोनों का लालच दिया जाता था। 2018 के बाद सोशल मीडिया में आई तेजी के बाद जासूसी का नेटवर्क चलाने वाले फेसबुक से अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हुए, खास तौर से इंस्टाग्राम पर। इसके साथ ही हनीट्रैप का तरीका भी बदल गया। अब धीरे-धीरे संपर्क बढ़ाया जाता है, बिल्कुल ये दिखाने की कोशिश होती है कि जो लड़की का प्रोफाइल है, ये वास्तव में किसी लड़की का है, इसके लिए धीरे धीरे इंट्रैक्शन बढ़ाया जाता है। ऐसे लोगों को तलाश जाता है जो खुद दोस्ती की पहल करें। सुरक्षा एजेंसी कई बार इसे लेकर चेतावनियां जारी कर चुकीं हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ही वीडियो कॉल का सिलसिला शुरू होता है। अगर पर्सनल वीडियो और फोटो रिकॉर्ड करने में कामयाबी मिल जाए तो ब्लैकमैलिंग का खेल शुरू होता है। अगर ऐसा नहीं हो पाया तो प्यार के जाल में फंसाया जाता है।

### भारत को 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी

# नौ सौ चूहे खाने के बाद ट्रंप उपदेश न दें



**शाहिद ए. चौधरी**

भारत व चीन आदि देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है क्योंकि वह रूस के पेट्रोलियम उत्पाद के मुख्य खरीदार हैं। अमेरिका का तर्क है कि इस खरीदारी के चलते ही रूस यूक्रेन पर युद्ध जारी रखे हुए है। अमेरिकी सीनेट ने 7 अगस्त 2026 को इस संदर्भ में एक विधेयक 86-11 के प्रभावी अंतर से पारित किया, जिसका नाम बदलकर अब लिंडसे ओ ग्राहम सेंकशनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ़ 2026 कर दिया गया है। गौरतलब है कि इजराइल की विस्तारवादी नीति के कट्टर समर्थक लिंडसे ग्राहम का विचार था कि रूस को नियंत्रित करने और यूक्रेन युद्ध को बंद करवाने के लिए आवश्यक है कि जो देश रूस के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया जाये। रिपब्लिकन सीनेटर ग्राहम की हाल में मृत्यु (11 जुलाई 2026) के बाद इस बाईपार्टीजन (दो पार्टियों द्वारा समर्थित) विधेयक को सीनेट में पारित कराने में अधिक बल दिया गया और सम्मान स्वरूप विधेयक में भी उनका नाम जोड़ दिया गया। विधेयक का एक रिपब्लिकन और 10 डेमोक्रेट्स सदस्यों ने विरोध किया।

इस विधेयक के पारित होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को यह छूट मिल जाती है कि वह उन देशों की गुड्स पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएं, जो रूसी तेल व गैस आयात करते हैं। वर्तमान में रूसी तेल व गैस को आयात करने वाले टॉप पांच देश हैं-चीन, भारत, अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया। रूस पर पाबंदियों के अतिरिक्त इस विधेयक की अवधि का विस्तार 2031 तक रहेगा, जो कि ईरान पर पाबंदी कानून, 1996 की एक्सपायरी डेट है। ईरान एक्ट से उन कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाता है, जो ईरान के ऊर्जा सेक्टर में निवेश करती हैं। ग्राहम की जगह उनकी सीट पर उनकी बहन डार्लाइन ग्राहम को नियुक्त किया गया, जिनका कहना है, "विधेयक बुनियादी तौर पर उन देशों पर फोकस करता है, जो रूस की अर्थव्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करते हैं और अब उनके समक्ष बहुत सरल किंतु महत्वपूर्ण विकल्प हैं- अमेरिका के साथ व्यापार करें या रूस का सस्ता तेल खरीदें।" ध्यान रहे कि विधेयक में रूसी नेताओं व अधिकारियों पर पाबंदी लगाने का भी प्रावधान है। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, कुलीनतंत्र व वित्तीय संस्थाओं को निशाना बनाया गया है। लिंडसे ग्राहम के साथ मिलकर इस विधेयक की कल्पना डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने भी की थी, जिनका अब मानना है कि पाबंदी व टैरिफ से उन देशों पर हथौड़े जैसी मार पड़ेगी, जो 'बहादुर आज़ाद लोगों' के विरुद्ध कातिलाना व आपराधिक आक्रमक युद्ध में 'सांठ गांठ' किए हुए हैं। यह सही है कि युद्ध कहीं भी हो, किसी समस्या का समाधान नहीं है और उसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन नहीं करना चाहिए। लेकिन जो लोग गाज़ा में नरसंहार व ईरान पर जबरन धोखे से बेमतलब व बेमकसद के युद्ध पर मूक दर्शक बने रहते हैं, उनके मुंह से उपदेश अच्छे नहीं लगते हैं। ट्रंप की मिसाइलों व टैरिफ युद्ध के कारण तो पूरी दुनिया तेल, खाद, महंगाई आदि के संकट से दो चार हो रही है। अब इस विधेयक के पारित होने से ट्रंप को नई टैरिफ शक्तियां



इमेज

ऐसे समय में मिल गईं हैं, जब इस क़िस्म की लेवी उनकी व्यापार नीति के केंद्र में है। यह विधेयक अब 31 अगस्त 2026 को मंजूरी के लिए हाउस ऑफ़ रिप्रेजेंटेटिव्ज़ में पेश किया जाएगा। डेमोक्रेट कांग्रेसमेन ग्रेगोरी मीक्स व डॉन बेयर ने इस विधेयक की कड़ी आलोचना की है। उनके अनुसार इससे ट्रंप को बेलगाम टैरिफ अधिकार मिल जाएंगे, जिसका वह बेरोक-टोक हथियार के रूप में प्रयोग करेंगे, जैसा कि वह अतीत में बार-बार कर चुके हैं। मीक्स व बेयर इस बात के तो समर्थन में हैं कि यूक्रेन की मदद की जाए व 'अवैध युद्ध' के लिए रूस को 'सज़ा' दी जाए, लेकिन उनका मानना है कि इस विधेयक से यह लक्ष्य हासिल नहीं होने का बल्कि ट्रंप को अवसर मिल जाएगा कि रूस को जवाबदेह न बनाया जाए और वह अपने विध्वंसक टैरिफ युद्ध में अधिक टैरिफ थोपें, जिसका बिल अमरीकियों को ही भरना पड़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि अगर इस विधेयक को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्ज़ की मंजूरी भी मिल जाती है, जिसकी संभावनाएं प्रबल हैं (क्योंकि नवम्बर मिड-टर्म से पहले डेमोक्रेट्स का कांग्रेस पर नियंत्रण मुमकिन नहीं), तो ट्रंप को खुलकर अपना टैरिफ युद्ध खेलने का अवसर मिल जाएगा। वह हर 180 दिन पर जिस देश पर चाहेंगे अपनी मर्ज़ी से टैरिफ थोप देंगे, जिसे वापस लेने का कांग्रेस के पास कोई रास्ता नहीं होगा। बहरहाल, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि ट्रंप के टैरिफ युद्ध से अमेरिका को ही अधिक नुकसान होगा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान हम देख चुके हैं कि ट्रंप द्वारा ग्लोबल व्यापार युद्ध छेड़ने का नतीजा यह हुआ है कि अनेक देश, जिनमें अमेरिका के करीबी सहयोगी भी शामिल हैं, बिना अमेरिका के अपने आर्थिक समझौते कर रहे हैं। अगर वाशिंगटन अपने व्यापार के इर्द-गिर्द ऊंची दीवार खड़ी कर रहा है तो बाकी देश अपनी दीवारों को छोटा कर रहे हैं। अपने पुराने साथियों को टैरिफ सज़ा देकर ट्रंप अन्य देशों को प्रोत्साहित कर रहे हैं कि वह अमेरिका के बिना ट्रेडिंग ब्लॉक बनाएं। इस बीच भारत ने भी अनेक द्विपक्षीय व्यापार समझौते किए हैं। वैसे भी पाबंदियों से होता क्या है। रूस का कारोबार बदस्तूर चल रहा है, वह चीन आदि को अपना तेल दे रहा है, जिसे अमेरिका टैरिफ की किसी मात्रा से नहीं रोक सकता। लगभग चार दशकों की पाबंदियों के बावजूद ईरान अमेरिका द्वारा थोपे गए युद्ध का मुकाबला कर ही रहा है और अपना तेल चीन आदि को बेच भी रहा है। ट्रंप अपने बड़बोलेपन, विकृत दृष्टिकोण और फेक दावों के बल पर अपनी मनमर्ज़ी करते हैं, जिसका नतीजा है कि उनकी वैश्विक छवि निरंतर निचले पायदान की ओर गिरती जा रही है। इस विधेयक के रूप में उनके हाथ जो नया हथियार लगा है, उससे बात और बिगड़ेगी। यह कहते हुए कि उनके व्हाइट हाउस में आने से पहले अमेरिका 'मर' चुका था, ट्रंप का दावा है कि विदेशी नेता उन्हें सुनिश्चित करते हैं कि अमेरिका शहर के उस 'हॉटेस्ट नाईटक्लब' की तरह है, जिसमें हर कोई निवेश करना चाहता है और हर नेता उनके साथ सेल्फी लेना चाहता है। वास्तविकता यह है कि ट्रंप को दुनिया उस तरह से नहीं देखती, जिस तरह से वह खुद को देखते हैं।



## श्रीरामचरितमानस

संकर रुख अवलोकि भवानी।
प्रभु मोहि तजेउ हृदयँ अकुलानी॥
निज अघ समुझि न कछु कहि जाई।
तपइ अवाँ इव उर अधिकाई॥

**भावार्थ :** शिवजी का रुख देखकर सतीजी ने जान लिया कि स्वामी ने मेरा त्याग कर दिया और वे हृदय में व्याकुल हो उठीं। अपना पाप समझकर कुछ कहते नहीं बनता, परन्तु हृदय (भीतर ही भीतर) कुम्हार के आंवे के समान अत्यन्त जलने लगा॥

### मानुषी/किचन गार्डेन

# एक गमला-तीन फसलें...! स्मार्ट किचन गार्डनिंग

**अनु आर.**

आज के समय में अधिकांश शहरों और कस्बों में लोगों में बागवानी का शौक तो है, लेकिन जगह की कमी सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। छोटी बालकनी, छत का सीमित हिस्सा या कुछ गमले ही उपलब्ध होते हैं। ऐसे में यदि एक ही गमले से दो या तीन प्रकार की सब्जियां और मसाले उगाए जा सकें, तो यह किसी बोनस से कम नहीं। यही है कम्पेनियन प्लांटिंग और इंटरक्रॉपिंग की तकनीक, जिसे अब किचन गार्डनिंग की दुनिया में तेजी से अपनाया जा रहा है। यह तकनीक केवल जगह बचाने का तरीका नहीं है, बल्कि पौधों की प्राकृतिक जरूरतों को समझकर उन्हें इस तरह साथ लगाया जाता है कि वे एक-दूसरे की वृद्धि में मदद करें। कुछ पौधे मिट्टी को बेहतर बनाते हैं, कुछ कीटों को दूर रखते हैं, जबकि कुछ कम धूप या कम जगह में भी आसानी से विकसित हो जाते हैं। ऐसे में एक गमला छोटे से जैविक पारिस्थितिकी तंत्र में बदल जाता है। अगस्त का महीना इस तकनीक को अपनाने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। मानसून के कारण मिट्टी में पर्याप्त नमी रहती है और पौधों की बढ़वार भी तेज होती है। यदि इस समय सही योजना के साथ पौधे लगाए जाएं तो अगले दो-तीन महीनों तक घर की रसोई में ताजी और जैविक सब्जियों की आपूर्ति बनी रह सकती है। सबसे



लोकप्रिय संयोजन है टमाटर, तुलसी और धनिया। बड़े गमले के बीच में टमाटर का पौधा लगाया जाता है। उसके आसपास तुलसी और किनारों पर धनिया बो दिया जाता है। तुलसी की सुगंध कई हानिकारक कीटों को दूर रखने में मदद करती है, जबकि धनिया कम जगह में तेजी से तैयार हो जाता है। इस तरह एक ही गमले से तीन उपयोगी फसलें मिलती हैं। इसी तरह बैंगन, पालक और हरा प्याज का संयोजन भी काफी सफल माना जाता है। बैंगन ऊपर की ओर बढ़ता है, पालक जमीन की सतह को ढककर नमी बनाए रखता है और हरा प्याज किनारों पर आसानी से उग जाता है। इससे मिट्टी जल्दी सूखती भी नहीं और खरपतवार भी कम निकलते हैं। यदि आपके पास बेल वाली सब्जियों के लिए थोड़ा सहारा उपलब्ध है, तो लौकी या खीरे के साथ मेथी और धनिया भी लगाया जा सकता है। बेल ऊपर चढ़ जाती है, जबकि नीचे की जगह का उपयोग पत्तेदार सब्जियां कर लेती हैं। इससे एक गमले का पूरा उपयोग हो जाता है।

### तिथि विशेष

## मुंशी प्रेमचंद जयंती

हिंदी और उर्दू साहित्य के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के पास लमही गांव में हुआ था। हालांकि कई स्थानों पर 10 अगस्त को भी उनकी जयंती के रूप में याद किया जाता है, लेकिन उनका साहित्यिक योगदान हर दिन प्रासंगिक बना रहता है। प्रेमचंद का असली नाम धनपत राय श्रीवास्तव था और उन्होंने नवाब राय तथा प्रेमचंद नाम से लेखन किया। प्रेमचंद को हिंदी साहित्य में यथार्थवाद का जनक माना जाता है। उन्होंने अपने उपन्यासों और कहानियों के माध्यम से समाज की सच्चाई, गरीबी, शोषण, जाति व्यवस्था और नैतिक संघर्षों को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके प्रमुख उपन्यासों में गोदान, गबन, सेवासदन और रंगभूमि शामिल हैं, जो आज भी समाज का आईना माने जाते हैं। उनकी कहानियां जैसे कफन, पूस की रात, ईदगाह और नमक का दरोगा आम जनजीवन से जुड़ी हुईं हैं। इन रचनाओं में उन्होंने किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की पीड़ा को शब्दों में ढालकर पाठकों के सामने जीवंत कर दिया। प्रेमचंद का लेखन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और सोचने पर मजबूर करने वाला था। प्रेमचंद ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में भी अपनी लेखनी के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को मजबूत किया। उन्होंने अंग्रेजी शासन और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। उनका मानना था कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक का कर्तव्य है कि वह सच्चाई को निडर होकर प्रस्तुत करे। आज के दौर में भी प्रेमचंद की रचनाएं उतनी ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि समाज में कई समस्याएं आज भी वैसी ही हैं, जैसी उनके समय में थीं। उनकी जयंती हमें यह संदेश देती है कि हमें समाज में समानता, न्याय और मानवता के मूल्यों को अपनाना चाहिए।



### एक्स्ट्रा रीडिंग

# जब अंग्रेजों के लिए बुरा सपना बने थे भारतीय

**एन. के. अरोड़ा**

कल्पना कीजिए आधी रात का समय है। एक साधारण डाकिया किसी घर के बाहर एक अखबार छोड़ जाता है। अखबार की इबारत में किसी एक विशेष शब्द पर लाल स्याही का छोटा सा निशान बना है। अगले ही दिन सैकड़ों किलोमीटर दूर एक क्रांतिकारी को यह संदेशा मिल जाता है कि हथियारों की खेप सुरक्षित पहुंच गई है। अंग्रेजों की खुफिया पुलिस ऐसा नहीं है कि अखबार नहीं पढ़ती थी, लेकिन उसे, उसमें कुछ भी असामान्य नहीं दिखता था और इन्हीं अखबारों के जरिये क्रांतिकारियों के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान धड़ल्ले से हो जाता था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह अदृश्य युद्ध था, जिसमें गोलियों से कहीं ज्यादा खतरनाक गुप्त संदेश और इन गुप्त संदेशों को इधर से उधर भेजने वाले जासूस हुआ करते थे। भारत की आजादी की लड़ाई केवल खुले मैदानों में नहीं लड़ी गई। इसके पीछे ऐसे छाया-युद्धों की दुनिया भी मौजूद रही है, जहां न वर्दी होती थी, न पहचान और न की कोई पदक।

यहां जीत उसी की होती थी, जो दुश्मन की आंखों में धूल झोंक सकता था। अंग्रेजों के पास एक लंबी-चौड़ी खुफिया व्यवस्था थी, लेकिन भारतीय क्रांतिकारियों ने उन्हीं से सीखकर एक ऐसा गुप्त नेटवर्क तैयार कर लिया था, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींद उड़ा दी थी। क्रांतिकारी जानते थे कि सीधे मुकाबले में वे अंग्रेजी सेना का बाल भी बांका नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने अंग्रेजों से जंग के लिए ऐसे-ऐसे तरीके इजाद किए कि अंग्रेजी साम्राज्य असहाय होकर रह गया। कोई क्रांतिकारी साधु बनकर यात्रा करता और महत्वपूर्ण संदेश को एक जिले से दूसरे जिले तक ही नहीं बल्कि देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता था। कोई फेरीवाला गांव-गांव घूमता और अंग्रेजों के विरुद्ध योजनाओं की पूरी लिस्ट आम आदमियों तक पहुंचा देता। कोई रेलवे कर्मचारी बनकर सैनिक गतिविधियों की खबरें जुटाता था। देखने वालों को ये बिल्कुल सामान्य इंसानों जैसे लगते, लेकिन यही सामान्य लोग अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों की योजनाओं को एक जगह से दूसरी जगह इतनी सफाई से पहुंचाते कि अंग्रेजों की भारी भरकम फौज और खुफियातंत्र बस देखता ही रह जाता। वास्तव में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को खतरनाक इन्हीं अबूझ पहेलियों ने बनाया था। ब्रिटिश पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती उन दिनों यह होती थी कि वह दुश्मन को लाख कोशिशों के बाद भी पहचान नहीं पाती थी। कोई स्कूली



इमेज

शिक्षक, कोई किसान, कोई डाकिया या कोई साधारण दुकानदार। कौन, कब, कहां और किस समय गुप्त जासूसी का हिस्सा होता? अंग्रेज बहुत कोशिशों के बाद भी इस सच्चाई को जान नहीं पाते। इसलिए क्रांतिकारियों की ज्यादा से ज्यादा गुप्त योजनाएं अपने मकसद में किसी हद तक सफल हो जाती थीं। भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की भले गुप्तचरी को लेकर कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं हुई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कल्पनाशीलता से ऐसे-ऐसे तरीके ईजाद कर लिए थे कि बाद में उनके वही सब तरीके एक सफल गुप्तचरी के पाठ बन गए। सेनानियों के गुप्तचरी के कारनामे किसी बेहद पठनीय जासूसी उपन्यासों से कम नहीं थे। कहीं अदृश्य स्याही से पत्र लिखे जाते थे, जो आग या किसी विशेष रसायन के संपर्क पर ही पढ़े जा सकते थे। कहीं सामान्य पारिवारिक चिट्ठियों में घरेलू बातों के बीच कुछ ऐसे शब्द रख दिए जाते थे, जो पूरी योजना को पत्र पढ़ने वाले तक पहुंचा दिया करते थे। कई बार एक ही संदेश किसी क्षेत्र विशेष में अलग-अलग लोगों को टुकड़ों के रूप में भेजा जाता और फिर संकेत दिया जाता कि वो लोग आपस में मिलकर उन टुकड़ों को जोड़कर योजना का मसौदा जान लें। पुलिस की गतिविधियों और हथियारों की आवाजाही तथा बड़े अधिकारियों के कार्यक्रमों पर स्वतंत्रता सेनानियों की हमेशा पैनी निगाह रहती और इसे वह बड़ी सफलता से संकेतों के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचा देते। बार-बार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से मात खाने के बाद हालांकि ब्रिटिश सरकार ने भी इसी तर्ज पर एक अनौपाचारिक खुफिया तंत्र विकसित किया था, जो उस समय की सीआईडी जैसी संस्था को गुप्त रूप से सूचनाएं पहुंचाता था, लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ऐसी हर तरह की कोशिशों पर भारी पड़ते थे। क्योंकि जब तक ब्रिटिश सत्ता क्रांतिकारियो के किसी जासूसी के तरीके को जान पाती थी, तब तक क्रांतिकारी किसी दूसरे तरीके पर काम शुरु कर देते। लेकिन हैरानी की बात यह है कि अंग्रेजों को इतनी बुरी तरह से चकमा देने वाले आजादी की लड़ाई में शामिल रहे इन जासूसों में से ज्यादातर यानी करीब-करीब सभी को इतिहास की पुस्तकों में जगह नहीं मिली। शायद यह कोई षड़यंत्र नहीं था, इनका काम ही ऐसा था कि वो इतिहास की किताबों तक नहीं पहुंचे, लेकिन इससे आजादी की लड़ाई में उनका महत्व कम नहीं हो जाता बल्कि सच यह है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम केवल हथियारों से नहीं लड़ा या जीता गया।

### वायरल

## अनोखा बंदर : जिसकी आवाज मात्र से हिल जाता जंगल

दुनिया का सबसे अनोखा बंदर जो बेहद तेज और गहरी आवाज के लिए जाना जाता है, जिसकी गूंज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। पेड़ों पर रहने वाला यह अनोखा बंदर अपनी आवाज के जरिए दूसरे समूहों से संपर्क करता है और अपने इलाके की मौजूदगी बताता है। जंगल की दुनिया बाहर से जितनी शांत दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दिलचस्प होती है। यहां हर जानवर का अपना इलाका और अपना अंदाज होता है। कोई जमीन पर दौड़ता है, कोई पानी में रहता है तो कोई पेड़ों को ही अपना घर बना लेता है। इन्हीं में एक ऐसा बंदर भी है, जो जंगल के पेड़ों पर इधर-उधर घूमता रहता है और अपनी तेज आवाज से दूर तक अपनी मौजूदगी का अहसास कराता है। ऐसा लगता है जैसे वह एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक घूमते हुए पूरे जंगल पर अपनी नजर रख रहा हो। इस बंदर को हॉलर मंकी कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी पहचान इसका शरीर नहीं, बल्कि इसकी बेहद तेज और गहरी आवाज है। शांत जंगल में जब यह बंदर जोर से आवाज लगाता है तो उसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दे सकती है।






### X का एक्सरे

छात्र ने वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की, परिवार की जमीन तक बेच दी और माता-पिता पर कर्ज हो गया, लेकिन इसके बावजूद उसे सफलता नहीं मिली। यह छात्र की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की हार है, जो उसकी मेहनत का उचित परिणाम देने में विफल रही। इस दिशा में सोचना आज जरूरी है।



**राहुल गांधी**

दिल्ली सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रही है, जिसे जानकर हैरान रह जाएंगे। जिस भ्रष्टाचार की हम बात कर रहे हैं, उसकी योजना इस साल की शुरुआत में बनाई गई थी। जिसमें अगले तीन वर्षों तक हर सप्ताह दिल्ली के गरीबों के लिए निर्धारित 31,000 मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से निकाला जाना था।



**सौरभ भारद्वाज**

वैभव सूर्यवंशी ने बेहद कम उम्र में अपने बल्ले से ऐसा तहलका मचाया है कि अब दुनिया के दिग्गज भी उनकी प्रतिभा पर बात कर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में आत्मविश्वास, ताकत और बड़े शॉट लगाने की क्षमता देखकर कई लोगों के लिए यकीन करना मुश्किल है कि वह अभी किशोर उम्र में हैं।



**ब्रेट ली**

सीओई की भूमिका केवल चोटिल खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य क्रिकेटरों को बेहतर बनाने और उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करना भी है। भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर टीम मैनेजमेंट अब लगातार निगरानी पर जोर दे रहा है।



**वीवीएस लक्ष्मण**

संक्षिप्त समाचार

## महिला एशिया कप 28 अगस्त से यूएई में

- **फाइनल 13 सितंबर को**
- **5 सितंबर को भारत और पाकिस्तान होंगे आमने-सामने**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महिला एशिया कप 2026 का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है. टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त को यूएई में होगी। फाइनल मैच 13 सितंबर को खेला जाएगा। टी-20 फॉर्मेट में अब तक खेले गए पांच टूर्नामेंट्स में से भारत ने तीन बार खिताब जीता है। यह छठा मौका होगा जब यह टूर्नामेंट खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच की पुरानी प्रतिद्वंद्विता फिर से देखने को मिलेगी. ये दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें 5 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।



टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं. जिसमें भारत को पाकिस्तान, थाईलैंड और हांगकांग के साथ ग्रुप ए में रखा गया है. जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया को रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफ मैच से करेगा. सभी मैच दुबई में स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।

### भारत का शुरुआती शेड्यूल

**30 अगस्त:** भारत बनाम थाईलैंड
**3 सितंबर:** भारत बनाम हांगकांग
**5 सितंबर:** भारत बनाम पाकिस्तान

### सबसे सफल टीम

महिला एशिया कप में भारत सबसे सफल टीम है. उसने कुल 7 बार यह खिताब अपने नाम किया है. हालांकि 2024 के संस्करण में श्रीलंका ने भारत को हराकर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया था और वो वर्तमान चैंपियन है।

### भारत बनाम पाकिस्तान

भारत की नजरें अपना आठवां महिला एशिया कप खिताब जीतने पर होंगी. वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान अब तक यह ट्रॉफी नहीं जीत पाया है. 2012 तथा 2016 के टूर्नामेंट्स के फाइनल में उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा है. दोनों टीमों के बीच हालिया मुकाबले में, भारत ने महिला टू20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में पाकिस्तान को 64 रनों से बुरी तरह हराया था।

### महिला एशिया कप
### 2026 का पूरा शेड्यूल

**28 अगस्त:** थाईलैंड बनाम हांगकांग
**29 अगस्त:** श्रीलंका बनाम यूएई
**30 अगस्त:** भारत बनाम थाईलैंड
**31 अगस्त:** बांग्लादेश बनाम इंडोनेशिया
**1 सितंबर:** पाकिस्तान बनाम थाईलैंड
**2 सितंबर:** श्रीलंका बनाम इंडोनेशिया
**3 सितंबर:** भारत बनाम हांगकांग
**4 सितंबर:** यूएई बनाम इंडोनेशिया
**5 सितंबर:** भारत बनाम पाकिस्तान
**6 सितंबर:** श्रीलंका बनाम बांग्लादेश
**7 सितंबर:** पाकिस्तान बनाम हांगकांग
**8 सितंबर:** बांग्लादेश बनाम यूएई
**10 सितंबर:** सेमीफाइनल
**11 सितंबर:** सेमीफाइनल
**13 सितंबर:** फाइनल

## लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का निधन

### 13 साल की उम्र में मेसी को बार्सिलोना ले गए, दो दशक तक उनके एजेंट रहे



**अर्जेंटीना (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। पिछले कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था।मेसी के बचपन के क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने शनिवार को उनके निधन की पुष्टि की। क्लब ने शोक जताते हुए उन्हें मेसी के करियर की सबसे मजबूत ताकत बताया।



# कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडलिस्ट प्लेयर्स पीएम आवास पहुँचे

## भारत ने 39 मेडल जीते थे

नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी मिलने पहुँचे। प्लेयर्स प्रधानमंत्री आवास पहुंचकर पीएम मोदी से मिले। इस अवसर मुक्केबाज लवलीना बोरगेहन और वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने कहा- हम प्रधानमंत्री से मिलने के लिए एक्साइटेड थे। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल जीते। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा।

### मुक्केबाज भारत का सबसे बड़ा मेडल बैंक

भारत के 39 पदकों में सबसे बड़ा योगदान बॉक्सिंग का रहा। मुक्केबाजों ने 7 गोल्ड और 3 सिल्वर समेत कुल 10 मेडल जीते।



यानी हर चार में से एक मेडल बॉक्सिंग से आया। एथलेटिक्स में 10 मेडल आए, लेकिन इसमें गोल्ड नहीं मिला। वेटलिफ्टिंग से 8, पैरा एथलेटिक्स से 6, जूडो से 4 और पैरा पावरलिफ्टिंग से 1 मेडल मिला। कुल मिलाकर 39 में से 37 पदक सिर्फ पांच खेलों से आए।

## जम्मू कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर के बुलंद हौसले की दमदार कहानी

### दोनों हाथ गंवाने के बाद भी नहीं टूटा आमिर का क्रिकेट खेलने का सपना, सचिन तेंदुलकर भी हुए मुरीद

**जयपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन ने अपने संघर्ष और जज्बे से यह साबित कर दिया है कि परिस्थितियां



कितनी भी मुश्किल क्यों न हों, मजबूत हौसले और लगातार मेहनत के दम पर सपनों को हासिल किया जा सकता है. जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान आमिर हुसैन लोन ने ईटीवी भारत से खास बातचीत में अपने क्रिकेट के सफर, संघर्ष, चुनौतियों और कामयाबी से जुड़े अनुभव साझा किए।

आमिर हुसैन लोन जब महज 8 साल के थे, तभी एक हादसे में उनके दोनों हाथ चले गए. इस हादसे के बाद उनके परिवार और करीबी रिश्तेदारों को उनके भविष्य की चिंता सताने लगी थी. कई लोगों ने उनके सामने आने वाली मुश्किलों को लेकर सवाल खड़े किए, लेकिन ऐसे कठिन दौर में उनकी दादी ने उन्हें हिम्मत दी. दादी के प्रोत्साहन ने आमिर के भीतर ऐसा हौसला पैदा किया, जिसने आगे चलकर उन्हें एक अलग पहचान दिलाई।

हादसे के बाद भी क्रिकेटर बनने का सपना नहीं छोड़ा: आमिर हुसैन लोन ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना क्रिकेटर बनने का था. हादसे के बाद उनके इस सपने पर भी सवाल उठने लगे थे, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी. उनका सपना सिर्फ क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक दिन भारत के लिए खेलना चाहते थे. दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद आमिर ने क्रिकेट खेलने का अपना अलग तरीका विकसित किया. उन्होंने गर्दन और कंधे के बीच बल्ला पकड़कर बल्लेबाजी करने का अभ्यास शुरू किया. शुरुआत में यह बेहद मुश्किल था, लेकिन लगातार अभ्यास और मेहनत के बाद उन्होंने इस तकनीक पर नियंत्रण हासिल कर लिया ।



# टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन!

## 9 खिलाड़ी चोटिल

हैदराबाद (एजेंसी)। टीम इंडिया का अगला असाइनमेंट श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना है, लेकिन चोट के कारण कई खिलाड़ी इस सीरीज में नजर नहीं आएंगे। हाल ही में बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन के बारे में ये खबर सामने आई है कि वो भी चोट के चलते इस सीरीज से बाहर हो गए है।

इसके साथ सुदर्शन, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर के साथ उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जो चोटों के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

सुदर्शन को पैर के अंगूठे में चोट लगी है. ये चोट उनको पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर आई इंडिया 'ए' टीम के दौरान लगी. उन्होंने दोनों 'ए' टेस्ट मैचों में दो शतक बनाए थे. तब से वह बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पिछले महीने कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट से अभी तक उबर नहीं सके हैं. जिसकी वजह से उनकी जगह जम्मू-कश्मीर के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज आकिब नबी को श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

नीतीश कुमार रेड्डी बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं, जिसके चलते वे भारत के हालिया आयरलैंड, इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं खेल पाए. उन्हें यह चोट जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में गेंदबाजी करते समय लगी थी।

वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं, जबकि आकाश दीप पीठ में खिंचाव की वजह से टीम से बाहर हैं. कप्तान शुभमन गिल को भी उंगली में चोट लगी है, लेकिन उन्हें सीरीज से बाहर नहीं किया गया. इसी वजह से वो श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेल रहे हैं. उम्मीद है कि वो 15 अगस्त से शुरू होने वाले सीरीज के पहले टेस्ट मैच से पहले फिट हो जाएंगे. इसके अलावा हर्षित राणा, हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती भी चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

### भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी।

### चोटिल खिलाड़ी

**हर्षित राणा** - हैमस्ट्रिंग
**हार्दिक पांड्या** - जांघ में खिंचाव
**जसप्रीत बुमराह** - घुटने में सूजन
**नीतीश रेड्डी** - हैमस्ट्रिंग
**वॉशिंगटन सुंदर** - जांघ में खिंचाव
**आकाश दीप** - पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर
**साई सुदर्शन** - पैर के अंगुठे में चोट
**शुभमन गिल** - दाहिने हाथ की उंगली में चोट
**वरुण चक्रवर्ती** - जांघ में खिंचाव

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

**पहला टेस्ट:** 15-19 अगस्त, गाले
**दूसरा टेस्ट:** 23-27 अगस्त, कोलंबो

## अश्मिता चालिहा ने जीता कोरिया मास्टर्स का खिताब

### फाइनल में चीन की खिलाड़ी को हराया




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अश्मिता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने महिला एकल फाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी को मात दी।

पहला गेम हारने के बाद, विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज अश्मिता ने शानदार वापसी की और विश्व में 35वें नंबर की खिलाड़ी हान को 53 मिनट तक चले गेम में 14-21, 21-14, 21-14 से हराया.

असम की रहने वाली 26 वर्षीय इस खिलाड़ी का ये पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है. उनका फाइनल तक का सफर शानदार रहा. उन्होंने पहले क्वालिफायर रिरीना हिरामोतो और फिर किम मिन जी को सीधे गेम में हराया, और क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 20-22, 21-15, 21-19 से मात दी।

इस साल अश्मिता ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर शानदार वापसी करते हुए चाइना मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल और फिर मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

इस जीत के साथ अश्मिता इस साल सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग और तन्वी शर्मा के बाद तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं. कुल मिलाकर, कोरिया मास्टर्स फाइनल में जीत के साथ वह इस साल सिंगल्स बीड्ब्लूयएफ खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला बन गई हैं. उनसे पहले तन्वी ने ताइपे ओपन, पीवी सिंधु ने जापान ओपन और देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में खिताब जीता था।

## खिलाड़ी मशीन नहीं, फिट होने में समय लगता है

### लक्ष्मण बोले- इंजरी प्लेयर्स के करियर का हिस्सा, किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को दोषी मानने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि 'क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे।' लक्ष्मण बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सीओई और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं।



**लक्ष्मण ने कहा- सीओई सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं** - लक्ष्मण ने कहा- 'सीओई सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं है। क्रिकेटरों को बेहतर बनाने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसलिए चोट के लिए दोष शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे किसी को बलि का बकरा बनाया जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रु. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




## शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद, सेंसेक्स 43 अंक चढ़ा; निफ्टी रहा सपाट

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** कच्चे तेल के दाम बढ़ने और पश्चिम एशिया से जुड़े जोखिमों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हल्की मजबूती के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में मामूली तेजी रही, जबकि निफ्टी भी सीमित बढ़त दर्ज करने में सफल रहा। बाजार में टाइटन, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील जैसे शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, जबकि एसबीआई, एनटीपीसी और टीसीएस दबाव में रहे।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सोमवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 43 अंक से अधिक चढ़ा, जबकि निफ्टी लगभग सपाट रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 43.27 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,542.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,676.98 के उच्चतम और 78,298.92 के निचले स्तर तक गया। इस दौरान सेंसेक्स में 378.06 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा।

50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 13.15 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,583.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और इंफोसिस प्रमुख बढ़त वाले शेयर रहे। वहीं, भारतीय स्टेट बैंक, एटरनल, एनटीपीसी, आईटीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट रही। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.10 प्रतिशत बढ़कर 84.47 डॉलर प्रति बैरल हो गई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी अनिश्चितता से बाजार में जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। हालांकि, कंपनियों के उत्साहजनक नतीजों से बाजार की धारणा को समर्थन मिला।"

उन्होंने कहा कि उम्मीद से कमजोर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में सख्ती की संभावना को कमजोर किया है। अब निवेशकों की नजर अमेरिका के आगामी महंगाई के आंकड़ों पर है, जो ब्याज दरों और बॉन्ड यील्ड की दिशा को लेकर संकेत दे सकते हैं। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 480.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, "भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लगभग अपरिवर्तित बंद हुए। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मध्य पूर्व के घटनाक्रम को लेकर बनी अनिश्चितता ने उम्मीद से कमजोर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों से मिली सकारात्मक धारणा को कमजोर किया। इन आंकड़ों से फेडरल रिजर्व की कम सख्त मौद्रिक नीति की उम्मीद मजबूत हुई है।"

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका में इस सप्ताह महंगाई के अहम आंकड़े जारी होने हैं। ऐसे में निवेशक नए आर्थिक संकेतों का इंतजार करते हुए बड़े स्तर पर बाजार से दूर रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।







# न्याय के लिए दर-दर भटकता रहा परिवार, आत्महत्या की भी नौबत फिर भी जांच रही अधूरी, डीएम कार्यालय के बाहर घंटों चला धरना

## पीड़ित द्वारा आत्महत्या की चेतावनी के बाद हरकत में आई पुलिस लेकिन फिर भी ठोस कार्रवाई पर प्रशासन की चुप्पी ने खड़े किए कई सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर के गांधी स्टेडियम रोड स्थित चर्चित धन्वन्तरि अस्पताल में हाथ के फ्रैक्चर के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत का मामला सोमवार को उस समय बेहद गरमा गया, जब मृतका के आक्रोशित परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए। अस्पताल को सील करने, नामजद चिकित्सकों की गिरफ्तारी और मामले में तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। अधिकारियों से वार्ता के दौरान माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि कुछ आक्रोशित लोग आत्मदाह की धमकी देते हुए ज्वलनशील पदार्थ लेकर आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हंगामे के चलते जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में काफी देर तक अफरातफरी और तनाव का माहौल बना रहा। आक्रोशित परिजनों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद नामजद चिकित्सकों की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही अस्पताल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई है।

मामला सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की रंजीत सिंह कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय पदमा अवस्थी उर्फ पूनम से जुड़ा है। बताया गया कि महिला के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां विशेषज्ञ उपलब्ध न होने की बात कहे जाने के बाद उन्हें गांधी स्टेडियम रोड स्थित धन्वन्तरि अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षत पांडेय से संपर्क करने की सलाह दी गई। परिजनों के अनुसार तीन अगस्त की रात पदमा अवस्थी को धन्वन्तरि अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हाथ के ऑपरेशन की सलाह दी। उसी रात महिला का ऑपरेशन किया गया। परिवार का कहना है कि ऑपरेशन के बाद उन्हें बताया गया कि प्रक्रिया सफल रही है और महिला की हालत सामान्य है। परिजनों के मुताबिक कुछ समय बाद अस्पताल की ओर से महिला की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी गई। उन्हें कार्डियक अरेस्ट होने और हालत गंभीर होने की जानकारी दी गई। महिला को दूसरे अस्पताल रेफर करने की बात कही गई, लेकिन इसी बीच उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बाद में मृतका के बेटे अनुराग अवस्थी की तहरीर पर सदर कोतवाली में अस्पताल संचालक डॉ. उपेंद्र नाथ और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.



धनवंतरि अस्पताल में महिला की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे मृतका के परिजन और समर्थक।



प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित लोगों को रोकते पुलिसकर्मी, मौके पर स्थिति संभालने में जुटी पुलिस। –जागरण मोर्चा



जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे मृतका के परिजन एवं समर्थक। –जागरण मोर्चा



कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अधिकारियों के सामने अपनी बात रखते मृतका के परिजन और प्रदर्शनकारी। –जागरण मोर्चा

अक्षत पांडेय के खिलाफ कथित चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।

परिजनों ने पहले भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी। परिवार की ओर से घर के बाहर चेतावनी संबंधी पोस्टर लगाए जाने की बात भी सामने आई थी।पीड़ित परिवार ने प्रशासन के सामने मुख्य रूप से तीन मांगें रखी हैं। इनमें धनवंतरी अस्पताल को तत्काल सील करना, मामले में दोषी पाए जाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई करना तथा पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करना शामिल है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह कलेक्टर परिसर में परिवार के साथ आत्मदाह करेंगे।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद नामजद चिकित्सकों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की गई। परिवार का कहना है कि घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अस्पताल के खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी को लेकर उनका आक्रोश लगातार बढ़ता गया। परिजनों ने प्रशासन के सामने धन्वन्तरि अस्पताल को सील करने, दोषी पाए जाने वाले चिकित्सकों के खिलाफ जल्द कानूनी कार्रवाई करने तथा पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग रखी।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीसी पंत ने परिजनों से बातचीत कर उनकी शिकायत सुनी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित किए जाने तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। हालांकि, परिजन केवल आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि जब तक नामजद चिकित्सकों की गिरफ्तारी और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

इसी बीच कुछ आक्रोशित लोग ज्वलनशील पदार्थ लेकर आगे बढ़ने लगे और आत्मदाह की धमकी देने लगे। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें रोक लिया और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस की सक्रियता से मौके पर बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

हंगामे के बाद परिजन जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास करते रहे। परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला की मौत के मामले में कार्रवाई में देरी की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मुकदमा दर्ज हो चुका है तो नामजद चिकित्सकों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई क्यों नहीं की गई और अस्पताल के खिलाफ तत्काल कदम क्यों नहीं उठाया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति महिला के उपचार, ऑपरेशन के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया, ऑपरेशन के बाद बिगड़ी हालत और मौत के कारणों से जुड़े तथ्यों की पड़ताल करेगी। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद उपलब्ध तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजन जल्द और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हुए हैं। मृतका के परिजन चिकित्सकीय लापरवाही को महिला की मौत का कारण बता रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। महिला की मौत के वास्तविक कारण और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या नहीं, इसका निर्धारण चिकित्सकीय अभिलेखों और जांच के निष्कर्षों के आधार पर होगा।

धन्वन्तरि अस्पताल में महिला की मौत से शुरू हुआ विवाद अब अस्पताल पर कार्रवाई, नामजद चिकित्सकों की गिरफ्तारी और जांच की निष्पक्षता को लेकर प्रशासन के सामने चुनौती बन गया है। एक ओर मृतका का परिवार तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे कदम उठाने की बात कह रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर हुए हंगामे ने परिजनों के बढ़ते आक्रोश को सामने ला दिया। फिलहाल परिजन धरने के जरिए कार्रवाई का दबाव बना रहे हैं, जबकि प्रशासन जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दे रहा है। अब निगाहें जांच समिति की रिपोर्ट और पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत के पीछे चिकित्सकीय लापरवाही थी या कोई अन्य चिकित्सकीय कारण। साथ ही यह भी तय होगा कि नामजद चिकित्सकों और अस्पताल के खिलाफ आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

# रास्ता भटककर रेलवे स्टेशन पहुंचा बालक, चाइल्ड हेल्पलाइन ने 24 घंटे में परिजनों से मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** घर से निकला करीब 10 वर्षीय बालक रास्ता भटककर रेलवे स्टेशन पहुंच गया। अपना गांव और घर का पता बताने में असमर्थ बालक को जीआरपी ने सुरक्षित बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी। टीम ने बालक से बातचीत और काउंसलिंग के दौरान मिली छोटी-छोटी जानकारियों को जोड़ते हुए महज 24 घंटे में उसके परिवार का पता लगा लिया।

बाल कल्याण समिति के आदेश के बाद बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक 10 अगस्त को थाना जीआरपी की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी गई कि रेलवे स्टेशन पर करीब 10 वर्ष का एक बालक मिला है, जो अपना घर और पता बताने की स्थिति में नहीं है। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर राहुल मौर्य और केस वर्कर प्रतुल सिंह मौके पर पहुंचे। टीम ने बालक को संरक्षण में लेकर उसके साथ सहज माहौल में बातचीत शुरू की। पूछताछ के दौरान बालक अपना नाम और पिता का नाम तो बता सका, लेकिन गांव, मोहल्ले या घर का पता बताने में असमर्थ रहा। ऐसे में टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके परिवार तक पहुंचने की थी। बहन के स्कूल की जानकारी ने दिखाई घर तक पहुंचने की राह काउंसलिंग के दौरान बालक ने बताया कि उसकी बहन वीरांगना में पढ़ती है। टीम ने इसी जानकारी को महत्वपूर्ण सुराग मानकर आगे की तलाश शुरू की। परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह के मार्गदर्शन में आसपास के गांवों के ग्राम प्रधानों से संपर्क साधा गया और बालक की पहचान से जुड़ी जानकारी साझा की गई। लगातार प्रयासों के बीच एक ग्राम प्रधान ने बालक को पहचान लिया। इसके बाद पता चला कि वह थाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। परिवार से संपर्क कर पहचान की पुष्टि की गई, जिसके बाद परिजनों को बच्चे के सुरक्षित मिलने की जानकारी दी गई। बताया गया कि बालक को शुगर संबंधी बीमारी है और वह मानसिक रूप से भी कमजोर है। सोमवार सुबह दवा/इंजेक्शन लेने के बाद वह बिना बताए घर से निकल गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान वह भटकते हुए रेलवे स्टेशन पहुंच गया। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की नजर पड़ने के बाद उसे सुरक्षित रखा गया और चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी गई। समय रहते सूचना मिलने से बच्चे को उचित संरक्षण मिला और टीम ने उसकी पहचान सुनिश्चित कर परिवार तक पहुंचने में सफलता हासिल की।



बाल कल्याण समिति के समक्ष बालक की काउंसलिंग करते समिति के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी। –जागरण मोर्चा

परिवार की पहचान और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मामले को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेश के बाद बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने की सूचना पर परिजनों ने राहत की सांस ली। चाइल्ड हेल्पलाइन और जीआरपी की तत्परता की सराहना करते हुए परिवार ने उनका आभार जताया।

# जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर बना चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में पूरनपुर की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में रामा इंटर कॉलेज पीलीभीत को 3-2 से पराजित किया। अब विजेता टीम 20 अगस्त को बरेली में आयोजित होने वाली मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता में पीलीभीत जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।प्रतियोगिता का आयोजन पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर द्वारा किया गया। इसमें रामा इंटर कॉलेज , पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत, एसएन इंटर कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज पूरनपुर, स्टेप अप इंटर कॉलेज तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदिया हजारा समेत विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।सेमीफाइनल मुकाबलों में रामा इंटर कॉलेज ने ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर ने एसएन इंटर कॉलेज को शिकस्त दी। फाइनल मुकाबला पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर और रामा इंटर कॉलेज के बीच खेला गया।



जिला स्तरीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर की विजेता टीम। –जागरण मोर्चा

# आरबीएसके ने गुलशन के दिल का दर्द पहचाना, मुफ्त सर्जरी से मिली नई जिंदगी

- **कमजोर आर्थिक स्थिति बनी थी इलाज में बाधा, स्वास्थ्य टीम ने जांच से लेकर अलीगढ़ में ऑपरेशन तक संभाली पूरी प्रक्रिया**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समय पर बीमारी की पहचान और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से गंभीर हृदय रोग से जूझ रही बरखेड़ा क्षेत्र की 6.5 वर्षीय गुलशन को नई जिंदगी मिली है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्ची में हृदय संबंधी बीमारी की पहचान की। इसके बाद आवश्यक जांचें कराकर उसे उच्च चिकित्सा संस्थान जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ रेफर किया गया, जहां छह अगस्त को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसकी सफलतापूर्वक निःशुल्क हृदय सर्जरी की।

विकासखंड बरखेड़ा के ग्राम रम्बोझा निवासी गुलशन की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए महंगे इलाज का खर्च उठाना मुश्किल था। ऐसे में आरबीएसके टीम की पहल परिवार के लिए उम्मीद की किरण बनी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने बच्ची की बीमारी को पहचाना और परिजनों को तत्काल उपचार की जरूरत के साथ सरकारी योजना के तहत उपलब्ध निःशुल्क चिकित्सा सुविधा की जानकारी दी।

आरबीएसके टीम-बी के चिकित्सक डॉ. विजत तिवारी, डॉ. श्रृंखला पांडेय, ऑप्टोमेट्रिस्ट शिवराम और फिजियोथेरेपिस्ट राजेश कुमार ने बच्ची की जांच के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कराई। जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और डीईआईसी प्रबंधक के सहयोग से बच्ची की आवश्यक जांचें कराई गईं। इसके बाद 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से उसे उच्च चिकित्सा संस्थान जेएन मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ भेजा गया।

वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्ची की स्थिति का परीक्षण करने के बाद हृदय सर्जरी की। छह अगस्त को सफल ऑपरेशन के बाद बच्ची की हालत में सुधार बताया गया। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के माध्यम से उपचार उपलब्ध होने के कारण परिवार को इलाज के लिए कोई आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ा।

बच्ची के सफल उपचार के बाद उसके माता-पिता ने आरबीएसके टीम और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। परिजनों ने कहा कि यदि समय रहते बीमारी की पहचान नहीं होती तो इलाज कराना उनके लिए बड़ी चुनौती बन सकता था। सरकारी योजना के माध्यम से निःशुल्क उपचार मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात बीमारियों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। गुलशन का मामला भी इसी व्यवस्था की उपयोगिता को सामने लाता है। समय पर जांच, उचित रेफरल और विशेषज्ञ उपचार के माध्यम से बच्ची को गंभीर बीमारी से उबरने का अवसर मिला। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जन्मजात बीमारी से पीड़ित बच्चों के निःशुल्क उपचार के संबंध में डीईआईसी प्रबंधक मो. जुबैर से 7536844761 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर डीएम ने बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्टेडियम रोड स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को अपने समक्ष एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें कृमि संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, नियमित रूप से हाथ धोने और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य के लिए कृमि संक्रमण से बचाव बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाकर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालय, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

# एसटीपी तकनीक से खेत में उतरी गन्ने की उन्नत पौध, किसानों को दिया आधुनिक खेती का संदेश

## बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल बरखेड़ा ने परई गांव में कराया मानसून गन्ना बुआई का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा (पीलीभीत)।** मानसून गन्ना बुआई के सीजन में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की बरखेड़ा इकाई की ओर से ग्राम परई में एसटीपी विधि से गन्ने की पौध रोपाई का प्रदर्शन कराया गया। कृषक राजीव चौहान के खेत में हुए इस प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को कम समय में बेहतर पौध स्थापना और फसल की शुरुआती बढ़वार के लिए उन्नत तकनीक अपनाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना संजीव राठी, एजीएम केन राहुल लोहान तथा कपिल शर्मा मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में एसटीपी विधि से तैयार गन्ने की पौध को खेत में रोपित कराया गया। इस दौरान खेत की तैयारी से लेकर पौध लगाने की प्रक्रिया तक किसानों को व्यावहारिक जानकारी दी गई।



ग्राम परई में एसटीपी विधि से तैयार गन्ने की पौध की रोपाई का प्रदर्शन करते बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल बरखेड़ा के अधिकारी एवं कृषक। –जागरण मोर्चा

अधिकारियों ने कृषक को पौधों के बीच उचित दूरी बनाए रखने, खेत की तैयारी, आवश्यक सिंचाई तथा रोपाई के बाद फसल की शुरुआती देखभाल से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान गन्ने की खेती में सही तकनीक का चयन फसल की स्थापना और आगे की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण होता है। महाप्रबंधक गन्ना संजीव राठी ने किसानों से पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों को भी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एसटीपी विधि के माध्यम से तैयार पौधों से खेत में अपेक्षाकृत समान और स्वस्थ पौध स्थापना में मदद मिलती है। इससे फसल की शुरुआती बढ़वार बेहतर होने के साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को केवल तकनीक के बारे में जानकारी देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि खेत पर उसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से मानसून गन्ना बुआई के दौरान किसानों के खेतों पर उन्नत विधियों का प्रदर्शन कराया जा रहा है, ताकि किसान स्वयं तकनीक को देखकर उसके लाभ समझ सकें और अपनी खेती में आवश्यकता के अनुसार इसका प्रयोग कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने किसानों से गन्ने की खेती में वैज्ञानिक प्रबंधन को प्राथमिकता देने की अपील की। खेत की तैयारी, पौधों की दूरी, सिंचाई और शुरुआती फसल प्रबंधन में सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीकों का सही तरीके से इस्तेमाल करने से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में सुधार की दिशा में मदद मिल सकती है। कृषक राजीव चौहान ने एसटीपी विधि को उपयोगी बताते हुए कहा कि खेत पर तकनीक का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किसानों के लिए काफी जानकारीपूर्ण है। उन्होंने भविष्य में भी आधुनिक एवं वैज्ञानिक गन्ना उत्पादन तकनीकों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के माध्यम से चीनी मिल प्रबंधन ने मानसून गन्ना बुआई के दौरान किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी देने और उन्हें खेत स्तर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

# सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



गुलेश्वर नाथ मंदिर पर पूजा करने को लंबी लाइन में लगे श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** सावन का महा के दूसरे सोमवार को शिवालयों में देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। गुलेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया।

सोमवार को प्रातः से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई देने लगा। प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की सुबह 6:00 बजे से ही भीड़ एकत्र हो गई। श्रद्धालुओं में कतार में खड़े होकर मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के दर्शन कर पूजा अरना की। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पुलिस बल तैनात रहा। सपा नेत्री दिव्या गंगवार व उनके पति चौधरी प्रदीप पटेल जलाभिषेक करने मंदिरम आने वाले श्रद्धालुओं की मदद करने में लगी रही। पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के निर्देश पर मंदिर परिसर की व्यापक सफाई कराकर चूने का छिड़काव किया गया। मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चिकित्सकों की टीम तथा श्रद्धालुओं की मदद के लिए पालिका की टीम उपलब्ध रही। मठिया नाथ मंदिर पर भगवान शिव की पूजा का विशेष उत्सव मनाया गया मंदिर को गेंदे के फूलों से सजा कर मंदिर के प्रबंधक केशव गुप्ता द्वारा जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा बड़ा स्थल शिव मंदिर, राम जानकी मंदिर बेनी राम मंदिर बंगाली बाबा मंदिर देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर, गौरी शंकर मंदिर सहित नगर के 1 दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। गौरी शंकर मंदिर मेंमंदिर व्यवस्थापक ब्रह्मेतार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल मौजूद रहे।

## सावन के दूसरे सोमवार पर निकली जलाभिषेक यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बम बम भोले के जयकारे से गूंज उठा घुंघचाई हाईवे**

**घुंघचाई/पूरनपुर।** सावन के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर कस्बा घुंघचाई से विशाल पैदल जलाभिषेक यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। भक्तों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

जलाभिषेक यात्रा का शुभारंभ कस्बे के देवी मंदिर से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा में शामिल होकर त्रिवेणी घाट स्थित गोमती नदी के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत भी किया। त्रिवेणी घाट गोमती नदी पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और पवित्र गोमती नदी से जल भरा। इसके बाद भक्त जल लेकर पैदल वापस घुंघचाई स्थित देवी मंदिर के लिए रवाना हुए। पूरे रास्ते भक्त भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। युवाओं के साथ ही महिलाएं और अन्य श्रद्धालु भी भक्ति के रंग में रंगे दिखाई दिए। यात्रा के चलते कस्बे का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया।

देवी मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही विशाल पैदल जलाभिषेक यात्रा का विधिवत समापन हुआ। यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते पूरे कस्बे में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा।

## संक्षेप समाचार

### एजीएम इंटर कॉलेज में स्वच्छता व ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित, 152 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत



ड्रेस मिलने के बाद खुशी का इजहार करते छात्र–छात्राएं। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में सोमवार को छात्र–छात्राओं को साफ–सफाई और अनुशासन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता एवं ड्रेस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। स्वच्छता प्रतियोगिता में 71 और ड्रेस प्रतियोगिता में 81 छात्र–छात्राओं ने बाजी मारी। इस प्रकार कुल 152 प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को विजेता चुना गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी विजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम के दौरान कालेज के संस्थापक एल.पी. गंगवार ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ–साथ छात्रों को स्वच्छता और अपनी वेशभूषा (ड्रेस) के प्रति जागरूक रखना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में अनुशासन और स्वच्छता के प्रति रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक सर्वेश गंगवार, प्रधानाचार्य पंकज कुमार गंगवार, उपप्रधानाचार्य ओविद प्रकाश शुक्ला समेत विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने इकोत्तरनाथ मंदिर और धनाराघाट का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते एसडीएम। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कांवड़ यात्रा को लेकर उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता के साथ सोमवार को सिरसा जंगल के मंडनपुर जंगल में स्थित बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर और धनाराघाट पर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया। कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर समय से उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर व धनाराघाट पर व्यवस्थाओ को देखा। उन्होने पेयजल, साफ सफाई, श्रद्धालुओं की सुरक्षा आदि की जानकारी ली। प्रशासनिक निगरानी एवं समुचित व्यवस्थाओं के बीच कांवड़ यात्रियों को समय से रवाना कराया गया। यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन, आवागमन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। तहसील प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पूरनपुर में युवक की पिटाई करने का वीडियो वायरल, कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पर ही कर दी कार्रवाई

**पूरनपुर।** नगर की पुलिस चौकी के पास रविवार रात एक युवक की कुछ लोगों द्वारा पिटाई किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। आरोप है कि मारपीट का शिकार हुए युवक के खिलाफ ही पुलिस ने कार्रवाई कर दी। बताया जा रहा है कि रविवार रात नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी विकास घरेलू सामान लेकर घर लौट रहा था। नगर की पुलिस चौकी के पास शराब भट्ठी के निकट लाइनपार निवासी सीबू नशे की हालत में उसके पास आया और रुपये मांगने लगा। युवक ने रुपये देने से मना कर दिया। इस पर सीबू ने गाली गलौच करना शुरु कर दिया। विवाद बढ़ने के बाद युवक को लात घूंसो से मारा पीटा। उसके कपडे भी फाड दिए। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। इसी दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मारपीट करने की पूरी घटना का वीडियो बना लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वायरल वीडियो में युवक को कुछ लोग घेरकर उसके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। युवक बचने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि घटना में पिटाई का शिकार हुए युवक के खिलाफ ही पुलिस ने कार्रवाई कर दी। इस पर लोग पुलिस पर सवालिया निशान खडे कर रहे है। युवक ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामले में सीबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद पुलिस की भूमिका को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

## धान के खेत में स्प्रे करने गए किसान की रहस्यमय ढंग से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बसारा में सोमवार को धान की फसल में स्प्रे करने गए 55 वर्षीय किसान की रहस्य में ढंग से मृत्यु हो गई। खेत की मेड़ पर उनका शब पड़ा हुआ मिला।

ग्राम बसरा निवासी छत्रपाल मिश्रा 55 वर्षीय सोमवार को प्रातः 8:00 बजे घर से साइकिल पर स्प्रे करने वाली मशीन रखकर खेत पर गए थे। वह काफी देर तक जब वापस नहीं लौटे तो उनके भतीजे मनमोहन ने खेत पर जाकर देखा।

खेत की मेड़ पर उनकी ताऊ का शव पड़ा हुआ था पास में ही साइकिल व स्प्रे करने वाली मशीन पड़ी हुई थी। सूचना मिलते ही प्रेजेंट खेत पर पहुंच गए। कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। किसान की अचानक हुई मौत से गांव में मातम का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ग्रामीण की मौत का असली कारण पता चल पाएगा।

## सावन के दूसरे सोमवार पर मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**पूरनपुर।** सावन महीने के दूसरे सोमवार को बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर भक्ति और श्रद्धा की भावनाओं से सराबोर रहा। सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालु भोलेनाथ के मंदिर पर उमड़ पड़े और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक कर पुरुष, महिलाएं और बच्चे बेलपत्र, दूध, गंगाजल, शहद और जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। खासकर युवाओं और महिला श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आस पड़ोस के अलावा दूर दराज क्षेत्र के शिव भक्तों की भारी भीड़ मंदिर पर उमड़ी। मंदिर पर कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जय भोलेनाथ की जयकार से वातावरण भक्ति में हो गया। देर शाम तक भक्तों का पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर में तांता लगा रहा। इस दौरान दुकान भी लगाई गई।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूलों में बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय




आरएसआरडी में कृमिनाशक गोलियां खाती छात्राएं। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को नगर के विद्यालयों में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से करीब 2000 छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत ने बच्चों को दवा खिलाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से होने वाली समस्याओं और दवा के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने भी बच्चों को स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं सेंट जोसेफ स्कूल में भी विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गईं। विद्यालय में दवा खिलाने से पूर्व अभिभावकों से अनुमति ली गई थी। प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन की देखरेख में सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों को दवा का सेवन कराया गया। दोनों विद्यालयों में शिक्षकों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालयों में बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी भी दी गई।

## दरोगा की कार्यशैली से नाराज भाकियू भानू गुट

### सोमवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



दरोगा के खिलाफ ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** दरोगा की कार्यशैली और जनता के साथ कथित अभद्र व्यवहार को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों में नाराजगी है, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरनपुर तहसील पहुंच कर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर जांच कराए जाने की मांग की।

सोमबार को तहसील परिसर में भाकियू भानू गुट की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। इसके बाद एसडीएम मंयक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शेरपुर कला में तैनात दरोगा का जनता के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि दरोगा की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है। लोगों को अपनी समस्याएं लेकर पुलिस के पास पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरोगा युवाओ का मोवाइल लेकर वीडीओ बनाता है। चौकी जाने पर दरोगा कोई सुनवाई नही करता है। कुछ प्रभावशाली लोगों से दरोगा की नजदीकियां है। भाकियू भानू गुट के पदाधिकारियों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर दरोगा का स्थानांतरण किसी अन्य स्थान पर किए जाने की मांग रखी गई है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे आंदोलन करने को मजबूर होगा। एसडीएम ने संगठन के पदाधिकारियों से ज्ञापन लेकर मामले को गंभीरता से देखने और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने के दौरान हसमुदीन, जावेद, गंगा सिंह, राखी, शिवकुमार, गीता देवी, रामलखन सहित कई भाकियू भानू गुट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिलावरपुर में बिजली के करंट से सांड की मौत

**घुंघचाई।** थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक आवारा सांड की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे, इसके बाद मृत सांड के शव का अंतिम संस्कार कराने की व्यवस्था की गई। संगठन के लोगों ने रोड के किनारे फावडे से गड्ढा खुदवाया और मृत सांड का अंतिम संस्कार कराया। लोगों के अनुसार गांव में बिजली के तार और खंभों को लेकर पहले भी सुरक्षा संबंधी समस्याएं सामने आती रही हैं। करंट की चपेट में आने से पशु की मौत के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

## किशोरी को प्रेमजाल में फंसा कर युवक ने बनाए संबंध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किशोरी हुई गर्भवती, पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**पूरनपुर।** एक किशोरी को युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद किशोरी गर्भवती हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया है।

हजारा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि गांव निवासी एक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। किशोरी उसके झांसे में आ गई। इसके बाद युवक किशोरी से लगातार शारीरिक संबंध वनाता रहा। जिससे किशोरी गर्भवती हो गई। इसकी भनक परिवार को लगी तो उनके होश उड गए। जानकारी के बाद किशोरी के पिता हजारा थाने पहुंचा। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी के पिता की ओर से गांव निवासी सिन्टू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने किशोरी को बयान दर्ज कराने व मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर मिली थी। युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

राष्ट्रप्रेम — घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का किया आवाहन

## माधोटांडा में निकाली गई भव्य हर घर तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



तिरंगा यात्रा निकालते विधायक व अन्य। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत माधोटांडा में पंचायत घर से गौरवमयी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने किया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का उत्साह देखने को मिला।

तिरंगा यात्रा के दौरान गांव के सम्मानित नागरिकों युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को आगामी स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर अभियान को जनभागीदारी का रूप दें।

तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामवासियों में खासा उत्साह नजर आया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रूप से देखने को मिली।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ. विवेक सिंह, मंडल महामंत्री हिरदेश त्रिगुणायत, ग्राम प्रधान नईम अली, पूरन लाल कश्यप, जसवंत कश्यप, महिपाल सिंह, श्रीराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सावन के दूसरे सोमवार पर गौरी शंकर मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी

**पीलीभीत।** सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिरों में सुचारू दर्शन-पूजन व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने सोमवार को शहर के प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे जलाभिषेक, दर्शन के लिए बनाई गई कतार, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खरदहाई में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के सामान के साथ पकड़ा खड़ा चोर। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम खरदहाई में दो अगस्त की रात हुई चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने चोरी के सामान और नकदी के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

रविवार 2 अगस्त की रात दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरदहाई निवासी हरिओम पुत्र सुभाष चंद्र के घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर जेवरात का बक्शा पार कर दिया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। तफ्तीश के दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी और मुखबिर की सूचना पर ग्राम खरदहाई निवासी रचित उर्फ तोताराम को पकड़िया नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया, जिसमें एक जोड़ी पीली धातु के टॉप्स, एक पीली धातु की अंगूठी, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, 15,000/- नकद पहनावे के कपड़े बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए चोर को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।



आप सभी को पावन श्रावण मास की शिव तेरस की पावन बेला पर हार्दिक शुभकामनाएं




























जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।